50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10 °c | अधिकतम 26 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:48, सूर्यास्त : 5:21 | वर्ष : 50/ अंक : 321 | मंगलवार, 22 नवम्बर 2022 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, चतुर्दशी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

आज की अमृतवाणी

जीवन एक यात्रा है, रोकर जीने से बहुत लम्बी लगेगी और हंसकर जीने से कब पूरी हो जाएगी, पता भी नहीं चलेगा।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

किसान-नौजवान की बात करने से योगी को परहेज है : जयंत चौधरी

किसान-नौजवान की सिर्फ बात ही नहीं होनी चाहिए.....

खतौली में बाहुबली का साया, माहौल गर्माया

- टीवी डिबेट शो के बाद नारेबाजी के दौरान भाजपा व रालोद समर्थकों में हाथापाई जैसे हालात
- शो में मौजूद राज्यमंत्री कपिलदेव के जाने के बाद हुआ हंगामा, पुलिस ने जैसे तैसे संभाला मामला

मुजफ्फरनगर, 21 नवंबर (बु.)। खतौली उपचुनाव में गर्मागरम बयानबाजी का दौर तो बाहुबली और बुलडोजर के बयानों से शुरू हो गया है, आज एक टीवी चैनल के डिबेट शो के बाद मैदानी शक्ति परीक्षण भी उस समय देखने को मिला जब रालोद और भाजपा कार्यकर्ताओं में नारा युद्ध शुरू होने के साथ एक बार ऐसा लगा कि दोनों पक्षों के बीच भिडंत हो जाएगी। जैसे ही धक्का मुक्की शुरू हुई तो पुलिस ने मोर्चा संभालकर मामले को शांत कर दिया। हालांकि इस ट्रेलर ने बता दिया है कि खतौली में बाहुबल का प्रदर्शन आगे भी हो सकता है। ऐसे में पुलिस के लिए चुनौती बढ़ गई है।

खतौली में जिस तरह से रालोद उम्मीदवार के रूप में मदन भैया को बाहरी और भारी उम्मीदवार मैदान में उतारा गया है और दूसरी ओर भाजपा की उम्मीदवार राजकुमारी सैनी के समर्थन में पूरी यूपी सरकार की ताकत मैदान में डट चुकी है, उससे

खतौली में भाजपा और रालोद समर्थकों की भिड़ंत रोकती पुलिस

चुनाव रोमांचक होने वाला है। वैसे तो इस चुनाव में पूत के पांव पालने में तभी नजर आने लगे थे, जब भाजपा की ओर से रालोद पर बाहुबली उम्मीदवार मैदान में उतारे की बातें कही गई थीं और मदन भैया ने उल्टे भाजपा के केंद्रीय राज्यमंत्री के परिवार पर ही आरोप लगाते हुए सफाई दी थी कि बाहुबली होना कोई गलत बात नहीं है और किसानों के बेटे दूध दही खाकर बाहुबली नहीं बनेंगे तो क्या बनेंगे। इस पर भाजपा की ओर से मदन भैया के बयान के जवाब में कहा गया था कि ऐसे बाहुबली जिले की गलियों में बहुत घूमते हैं। इसके बाद लगा कि बाहुबली इस चुनाव का सिंबल शब्द बन गया है। बाद में आए भाजपा के मंत्री जितिन प्रसाद ने भी इस शब्द को पकड़ते हुए कहा था कि योगी सरकार में बाहुबली बिल में घुस गए हैं। बाहुबली के इस बयानयुद्ध के बीच आज आगे के चुनाव में आमने सामने किस तरह के हालात बन सकते हैं, इसका ट्रेलर भी आज दिख गया। आज खतौली में एक टीवी चैनल के बहस शो में जो गर्मागर्मी हुई, वह तो अलग थी, लेकिन शो के बाद जब कार्यकर्ताओं में नारा युद्ध शुरू हुआ तो हालात एक बार बिगड़ते नजर आए। इस डिबेट शो में प्रदेश के राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल भी मौजूद थे। हुआ यूं कि डिबेट के बाद रालोद समर्थकों ने मदन भैया जिंदाबाद और जयंत चौधरी जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके जवाब में भाजपा समर्थकों ने भी योगी और मोदी की जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। तब तक बहस में शामिल राज्यमंत्री और बड़े नेता वहां से जा चुके थे। देखते ही देखते भाजपा और रालोद समर्थकों के बीच धक्कामुक्की शुरू हो गई। माहौल गर्म होने के बाद लगा कि भिडंत होने वाली है, लेकिन वहां मौजूद पुलिस कर्मी दोनों पक्षों के बीच आ गए। इसके बाद भी दोनों पक्षों के समर्थक एक दूसरे को घूरते हुए नारेबाजी करते रहे, लेकिन मौके की नजाकत को समझते हुए दोनों पक्षों के कार्यकर्ता शांत हो गए तो पुलिस ने भी राहत की सांस ली। इससे पहले खतौली के भैंसी गांव में भी कल भाजपा के पूर्व विधायक विक्रम सैनी को रालोद समर्थकों ने दौड़ा लिया था।

देश पर मुसलमानों का बराबर का हक : जयंत

- मुस्लिमों को टारगेट करने वालों से घबराने की जरूरत नहीं
- बोले : बुलडोजर को भाजपा ने चुनावी सिंबल बना लिया

खतौली क्षेत्र में चुनावी सभा में मौजूद जयंत चौधरी व अन्य।

मुजफ्फरनगर, 21 नवंबर (बु.)। राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि भाजपा के पास सांप्रदायिक नारों के अलावा कुछ मुद्दा नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैराना पलायन का मुद्दा तो उठाते है मगर उन्हे किसानों और नौजवानों की समस्या की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने भाजपा पर बुलडोजर को चुनावी सिंबल बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार बुलडोजर से नहीं चलती।

खतौली उपचुनाव में गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया के समर्थन में दूसरे दिन भी जयंत चौधरी ने क्षेत्र के फुलत, नंगली, मथेडी, अम्बरपुर, खेडी तगान, नावला, भैंसी, खानुपुर, बोपाडा,घासीपुरा, बेगराजपुर समेत कई गांवों में जनसम्पर्क और नुक्कड सभाओं को संबोधित किया। फुलत गांव में मुस्लिमों के बीच उन्होंने कहा कि इस देश पर आपका भी उतना ही अधिकार है और आपकी अगली पीढ़ी उन्नति के रास्ते पर चल रही है। केवल आप लोगों को टारगेट किया जा रहा है, लेकिन आपको घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे लोगों से डरो नहीं बल्कि डटकर मुकाबला करो। योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी ने नए भारत में बुलडोजर को चुनावी सिंबल बना कर रखा है, वह ठीक नहीं है उन्होंने कहा कि बुलडोजर से सरकार नहीं चलती सरकार कानून से चलती है लोकतंत्र से चलती है । जनसभा को संबोधित करते हुए जंयत चौधरी ने सोमवार को कहा कि रविवार को सहारनपुर में मुख्यमंत्री ने सभा की यहां उनकी भाषा देखिए वह कैराना पलायन का मुद्दा उठा रहे हैं। जबकि प्रदेश हितों की उन्हें कोई चिंता नहीं है। रालोद अध्यक्ष ने कहा कि किसान पर 10 हजार रुपए का कर्ज हो तो वह अपराधी है, जबकि कुछ लोग देश का करोड़ों रुपये लेकर विदेश भाग गए। सरकार इन पर कार्रवाई करने में नाकाम दिख रही है। प्रदेश के मुखिया को किसान, रोजगार, युवा व समाज उत्थान की कोई चिंता नहीं है। वह अपनी जनसभा में सिर्फ पलायन का मुद्दा उठाते हैं। किसानों की समस्याओं से ज्यादा चिंता उन्हें पलायन की है। ऐसी संकुचित सोच में अमर्यादित भाषा से प्रदेश में विकास नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने वादा किया था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बना दो, किसानों के घर बिजली के बिल नहीं आएंगे, लेकिन हालात इससे अलग हैं। किसानों के घर पर बिजली विभाग की टीम छापेमारी कर रही है। खतौली क्षेत्र की जनता लंबे समय से अपनी समस्याओं से जूझ रही है। ऐसे में गठबंधन की जीत को सुनिश्चित करें, ताकि क्षेत्र की आवाज को सदन में उठाया जा सके। यह कार्य रालोद के विधायक ही कर सकते हैं।

शेष: पृष्ठ-4 पर

महिलाओं के प्रति अपराध में यूपी नंबर वन

मुजफ्फरनगर, 21 नवंबर (बु.)। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि भाजपा की यूपी सरकार महिलाओं की सुरक्षा का दावा करती है, लेकिन एनसीबी के आंकड़ों में आज भी यूपी महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में पहले नंबर पर है। युवाओं को रोजगार देने के दावे भी छलावा हैं। अपने चुनाव अभियान के दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए जयंत ने कहा कि गृहमंत्रालय के आंकडों के अनुसार देश भर में 2017 में यूपी महिलाओं के प्रति अपराधों में नीचे से पहले नंबर पर था, 2021 में ऊपर से पहले नंबर पर है। सरकार सम्मिट के नाम पर बड़े पैमाने पर निवेश के दावे कर रही है, लेकिन विकास कहीं दिखाई नहीं दे रहा। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। कैराना और पलायन जैसी ऊलजलूल बातें ही भाजपा के पास रह गई हैं। आज भी वह मुजफ्फरनगर दंगे की बात करती है। दंगे को नौ बरस हो गए हैं। अब इन घावों को भूलकर आगे बढ़ना चाहिए। सरकार को गन्ना, किसान और नौजवान की चिंता नहीं है। नोटबंदी के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसे लेकर सरकार झूठ बोल रही है कि नोटबंदी से पहले रिजर्व बैंक से सलाह की गई थी, जबकि आरबीआई के तत्कालीन गवर्नर रघुराज कहते हैं कि आरबीआई को विश्वास में नहीं लिया गया। समाजवादी पार्टी में अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल यादव के मिलन पर उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है। मुलायम सिंह यादव जी की राजनीतिक परंपरा को मजबूत करने के लिए यह जरूरी है। चुनावों में ठेकेदारों के सक्रिय होने संबंधी केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान के बयान पर उन्होंने कहा कि सरकार उनकी है। ठेका उनका है और ठेकेदार भी उनके हैं। जयंत ने कहा कि पहले समीकरण हमारे पक्ष में नहीं थे, लेकिन अब खतौली में नए सामाजिक समीकरण हमारे पक्ष में हैं।

जकार्ता में 5.6 तीव्रता के भूकंप में 56 की मौत

जकार्ता, 21 नवंबर (वार्ता)। इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में सोमवार को आए 5.6 तीव्रता के भूकंप में कम से कम 56 लोग मारे गए हैं, सबसे अधिक प्रभावित प्रांत के गवर्नर ने ये जानकारी दी है। 700 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। भूकंप का केंद्र पश्चिम जावा के सियानजुर में 10 किमी की गहराई में था। हालांकि, इसके कारण सुनामी आने की कोई संभावना नहीं जताई गई है। भूकंप के बाद लोग घबरा गए। अपने दफ्तरों में बैठकर काम कर रहे लोग भी बाहर निकल आए।

उत्तराखंड में चौदह साल का ही होगा आजीवन कारावास

देहरादून। प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 18 प्रस्ताव आए जिन सभी पर कैबिनेट की मुहर लग गई। कैबिनेट ने बड़ा फैसला लेते हुए आजीवन कारावास की अवधि 14 साल कर दी है। पहले महिला को 14 से 16 और पुरुष की 16 से 18 के बीच की अवधि थी।

खतौली विधानसभा उपचुनाव

- भाजपा और रालोद के अलावा किस पर होगा वोटर मेहरबान

खतौली के अखाड़े में बचे रहे सभी चौदह पहलवान

मुजफ्फरनगर, 21 नवंबर (बु.)। खतौली विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र वापसी के लिए आज कोई उम्मीदवार नहीं पहुंचा। ऐसे में चुनावी बिसात पर सभी चौदह लड़ाके मौजूद रह गए। इसके साथ ही अब चुनावी मंच तैयार है और मुख्य मुकाबले के राजनीतिक दलों भाजपा और रालोद-सपा गठबंधन के उम्मीदवारों समेत अखाड़े के सभी पहलवान जोर आजमाइश के लिए जुट गए हैं। खतौली विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के बीच परचों की जांच में सभी नामांकन पत्र सही पाए जाने के बाद आज नामांकन वापसी और चुनाव चिह्न आवंटन का दिन था। इसके लिए सबकी निगाह इस बात पर लगी थी कि आज कौन उम्मीदवार मैदान छोड़ता है। इसके लिए तमाम सियासी लोग नजर गड़ाए बैठे थे। नामांकन वापसी का समय पूरा होने तक कोई भी उम्मीदवार नाम वापसी के लिए नहीं पहुंचा। इसके साथ ही अब सभी चौदह उम्मीदवार मैदान में बचे रह गए हैं। इन उम्मीदवारों में राष्ट्रीय लोकदल प्रत्याशी मदन भैया को हैंडपंप और भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार राजकुमारी सैनी को कमल का फूल चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। इसके अलावा अन्य उम्मीदवारों में मोहम्मद यूसुफ अधिकार सेना को गन्ना किसान, प्रदीप कुमार निर्दलीय बिजली का खंबा, रमेश चंद भागीदारी पार्टी फुटबॉल, सुरेश भती निर्दलीय बांसुरी, वकार अजहर निर्दलीय चारपाई, प्रमोद आर्य निर्दलीय टेलीफोन, संजीव कुमार निर्दलीय हेलीकॉप्टर, निर्मल प्रताप सिंह निर्दलीय ट्रक और यशपाल सिंह निर्दलीय नाव, संतोष निर्दलीय डीजल पंप, सुदेश निर्दलीय ऑटो रिक्शा और यजपाल सिंह राठी निर्दलीय को टेलीविजन का चुनाव निशान मिला है। इसके साथ ही खतौली उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची सामने आते ही बैलेट पेपर का खाका भी सामने आ गया है। अब सभी उम्मीदवार अपनी उम्मीदें लेकर मैदान में प्रचार के लिए उतर चुके हैं। तीन दिसंबर को शाम पांच बजे तक प्रचार होगा और इसके बाद पांच दिसबंर को मतदान के साथ ही खतौली उपचुनाव की प्रक्रिया पूरी होगी। ऐसे में तमाम उम्मीदवारों को अब अपनी भूमिका तय करनी है।

कौन रहेगा असली कौन रहेगा डमी प्रत्याशी...

मुजफ्फरनगर। खतौली विधानसभा चुनाव के लिए वैसे तो 14 उम्मीदवार फाइनल सूची में आ चुके हैं, लेकिन इनमें कितने गंभीरता से चुनाव लड़ेंगे और कितने दूसरे उम्मीदवारों के डमी के रूप में काम करेंगे, यह वक्त बताएगा। खतौली में चौदह उम्मीदवारों में वैसे तो मुख्य मुकाबले में भाजपा और रालोद प्रत्याशियों को माना जा रहा है। लेकिन बाकी बारह उम्मीदवारों की भूमिका क्या रहने वाली है यह आने वाला प्रचार का समय बताएगा। आम तौर पर चुनाव के दौरान प्रमुख उम्मीदवार भी अपने डमी कैंडीडेट खड़े करते हैं ताकि बूथों पर उन्हें सहायक मिल सकें। हालांकि इस बार कम से कम सियासी दलों के नाम पर जो उम्मीदवार खड़े हैं उन्हें तो गंभीर ही माना जाएगा।

ट्रक लूट का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

खतौली, 21 नवंबर (बु.)। पुलिस ने लूट की वारदात के कुछ घन्टों पश्चात ही लूटे ट्रक को बरामद करने के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लूट की घटना का पदार्फाश किया। सोमवार को थाना क्षेत्र के ग्राम कम्हैडा निवासी मौहम्मद आसिफ पुत्र यूसुफ द्वारा सैन्ट्रो में सवार चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी का ट्रक जबरदस्ती लूटने की शिकायत दर्ज करायी गयी थी। वादी की तहरीर पर सीओ राकेश सिंह व कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार के निर्देशन में उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र श्मोराय सहित कॉस्टेबल अजीत सिंह व पीआरवी की पुलिस टीम द्वारा लूट की घटना के कुछ घन्टों पश्चात हाईवे पर थाना मन्सूरपुर क्षेत्र से लूटे गये ट्रक संख्या पीवी 13एएडब्ल्यू 9895 के साथ दो अभियुक्तों मोनू पुत्र अनिल निवासी गांव जीतपुर थाना दौराला जनपद मेरठ व निशान्त कुमार पुत्र विनोद निवासी गांव खटाना थाना जारचा गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार किया है।

नाहिद हसन की बेल पर सुनवाई आज

कैराना, 21 नवम्बर (बु.)। गैंगस्टर के मुकदमें में जेल में बंद सपा विधायक नाहिद हसन की जमानत पर मंगलवार (आज) हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। फरवरी 2021 में सपा विधायक नाहिद हसन व उनकी माता सहित 40 के विरुद्ध गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था। 15 जनवरी 2022 को पुलिस ने नाहिद हसन को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश कर दिया था। जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। वहीं 2019 के अमानत में खयानत के दूसरे मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट पहले ही नाहिद हसन को जमानत दे चुका है, जबकि गैंगस्टर के मुकदमे में मंगलवार को नाहिद हसन की जमानत पर कोई फैसला आ सकता है। ऐसे में अगर कोर्ट नाहिद हसन को जमानत देती है, तो जल्द ही वह जेल से बाहर आ सकते हैं।

विवाहिता सहित दो लोगों ने खाया जहर

मुजफ्फरनगर, 21 नवंबर (बु.)। अलग-अलग स्थानों पर एक विवाहिता हित दो लोगों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, दोनों को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव जटनगंला निवासी विवाहिता ने संदिग्ध हालातों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अन्य घटना में शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामपुरी निवासी रोहित ने संदिग्ध हालातों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

होटलकर्मी का फोन व नकदी ले युवक फुर्र

मुजफ्फरनगर, 21 नवंबर (बु.)। एक होटल पर काम करने वाले व्यक्ति का मोबाइल व 4 हजार रुपए अज्ञात स्कूटी सवार युवक लेकर फरार हो गया, पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी युवक को दबोचकर चोरी हुआ मोबाइल फोन बरामद कर लिया। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में साउथ भोपा रोड पर स्थित होटल पर काम करने वाले कालिका प्रसाद ने बताया कि अज्ञात युवक होटल पर रखा हुआ उसका मोबाइल फोन व 4 हजार रुपये लेकर स्कूटी पर सवार होकर फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आरोपी युवक को दबोच लिया और उसके कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

बाइक व विद्युत तार समेत चोर भेजा जेल

बुढ़ाना, 21 नवम्बर (बु.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के आदेशानुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धर-पकड़ अभियान में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन व पुलिस क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना विनय गौतम के पर्यवेक्षण और बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवेंद्र सिंह यादव द्वारा गठित पुलिस टीम में शामिल बायवाला पुलिस चैकी प्रभारी सतेंद्र नागर ने जीशान पुत्र इमरान निवास ग्राम नंगला थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर को आरसीसी डबल्पर एलटीडी प्लान्ट ग्राम सठेड़ी से जनता की मदद से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चोरी किए गये सैंकड़ों मीटर विद्युत केबल और एक बाइक भी बरामद की है। बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी को लिखा पढ़ी के बाद जेल भेज दिया है।

वारंट पर अरविन्द संगल कोर्ट में पेश नहीं हुए

कैराना, 21 नवम्बर (बु.)। 2015 में शामली पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट व सरकारी काम में बाधा डालने व घर में घुसकर छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उक्त मुकदमें में अदालत में हाजिर नहीं होने पर अदालत द्वारा शामली के पूर्व चेयरमैन अरविन्द संगल के विरुद्ध अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किए थे। अरविन्द संगल को कोर्ट में पेश होना था, लेकिन शनिवार शाम तक भी अरविन्द संगल कोर्ट में पेश नहीं हुए। वहीं शनिवार को अधिवक्ता भी पूर्ण हड़ताल पर रहे। एडीजीसी अशोक पुंडीर ने बताया कि उनकी कोर्ट से एससी एसटी एक्ट में गैर जमानती वारंट जारी हुए थे, लेकिन वो कोर्ट में नहीं पहुंचे।

पुरुष नसबंदी पखवाड़ा शुरू, सीएमओ ने रवाना किया सारथी रथ

परिवार नियोजन की जिम्मेदारी सिर्फ महिलाओं की नहीं, पुरुषों की भूमिका भी महत्वपूर्णः सीएमओ

मुजफ्फरनगर, 21 नवंबर (बु.)। सोमवार को जिला पुरुष व जिला महिला अस्पताल में पुरुष नसबंदी पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार ने जागरूकता वाहन सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहां की परिवार नियोजन की जिम्मेदारी सिर्फ महिलाओं की ही नहीं अपितु पुरुषों की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में पुरुष अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उधर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खतौली पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश चंद गुप्ता ने भी सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर पुरुष जागरूकता पखवाड़े का शुभारंभ किया। सीएचसी चरथावल पर भी एमओआईसी द्वारा पुरुष जागरुकता पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। इस दौरान एसीएमओ व परिवार नियोजन कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा, आरसीएच के नोडल अधिकारी डॉ. राजीव निगम, डॉ. शरण सिंह, डॉ. अरविंद पंवार, डॉ. ईशा, डॉ. अवनीश कुमार, डीपीएम विपिन कुमार, डीसीपीएम अनुज सक्सेना, अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दो चरणों में चार दिसंबर तक चलाया जायेगा पखवाड़ा

जिला अस्पताल मैं शुभारंभ अवसर पर सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार ने बताया की दम्पति में प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए पुरुषों की सहभागिता बहुत महत्वपूर्ण है। प्रजनन स्वास्थ्य के दृष्टिगत पुरुष नसबंदी भी बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह एक मामूली शल्य क्रिया है तथा महिला नसबंदी की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित है। पुरुष नसबंदी के लिए न्यूनतम संसाधनों एवं बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होती है। पिछले कुछ वर्षों से किये जा रहे अथक प्रयासों के बावजूद वर्तमान में पुरुष नसबदी की स्वीकृति दर बहुत कम है। पुरुषों में जागरूकता लाने के प्रयास किए जाएंगे और परिवार नियोजन के प्रति प्रेरित करके नसबंदी करवाई जाएगी।

परिवार नियोजन की नोडल अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा ने बताया कि पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के प्रथम चरण के दौरान जनपद में एएनएम/आशा कार्यकर्ता समुदाय में गृह भ्रमण करते हुए पुरुषों से सम्पर्क करेंगी। इच्छुक पुरुषों की पहचान एवं संवेदीकरण करते हुए उनका प्री-रजिस्ट्रेशन करेंगी। इस दौरान परिवार नियोजन में पुरुष भागीदारी और इसके साथ जुड़े विभिन्न मिथकों को बताते हुए सार्वजनिक स्थलों, स्वास्थ्य इकाइयों में प्रचार-प्रसार सामग्री को प्रदर्शित किया जाएगा। सीएमओ डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि यह पखवाड़ा दो चरणों में चलेगा, पहला मोबेलाइजेशन, दूसरा सेवा प्रदायगी। पहला चरण 21 से 27 नवम्बर तक चलेगा। दूसरा चरण 28 नवंबर से चार दिसम्बर तक पूरा होगा।

फोटो बुलेटिन

नसबंदी पखवाड़ा जागरुकता सारथी रथ रवाना करते सीएमओ।

आबादी के निकट टोल प्लाजा बनाने का विरोध

शामली, 21 नवम्बर (बु.)। ऊन तहसील क्षेत्र के गांव लक्ष्मणपुरा मजरा पटरी प्रतापपुर निवासी ग्रामीणों ने डीएम को शिकायत पत्र देकर टोल प्लाजा निर्माण के लिए गांव के 52 मीटर अंदर निशान लगाए जाने का विरोध किया है।

उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा के लिए गांव के काफी अंदर तक लाल निशान लगाए गए हैं, इससे साफ है कि सभी जमीन का अधिग्रहण होगा, जिससे ग्रामीण भयभीत हैं। गांव में लोग कई-कई पीढ़ियों से रहते आये हैं और अब उनको बेघर होने का खतरा बना हुआ है। पूर्व में डीएम के आदेश पर निरीक्षण में ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आवासों को नहीं तोड़ा जायेगा। आवासीय भवनों में किसी प्रकार की दखलअंदाजी न करने की मांग की। प्रदर्शन में मामू, नीटू, जल सिंह, कटारा, पप्पन, सोमांश, दीवान, सुक्रमपाल, रामकुमार, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

संदिग्ध हालत में युवक की मौत पर हंगामा, गंभीर आरोप

पुलिस ने की पिटाई, एएसपी बोले-जांच कर होगी कार्रवाई

कैराना, 21 नवंबर (बु.)। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत पर परिजनों ने हंगामा कर दिया। परिजनों ने पुलिस पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंचे एएसपी ने परिजनों को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। वहीं पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

दरअसल, मामला कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव इस्सोपुर खुरगान का है। जहां सोमवार शाम 35 वर्षीय गय्यूर का शव उसके खेत पर पड़ा हुआ मिला। युवक की मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल करते हुए सुबूत जुटाने का प्रयास किया, कुछ देर में परिजन भी वहां पहुंच गए थे, जिसके बाद पुलिस कर्मी और मृतक के परिजन युवक के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंचे। वहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत बताया। इसके बाद मृतक युवक के परिजनों ने दो दिन पहले पुलिस पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर एएसपी ओपी सिंह भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आक्रोशित परिजनों से वार्ता की तथा पूरे प्रकरण की जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए उन्हें शांत किया। बताया जा रहा है कि मृतक गय्यूर शादीशुदा था, मृतक के दो बेटे और दो बेटियां हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल था।

वहीं गय्यूर की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। उधर, एएसपी ओपी सिंह ने बताया कि गय्यूर नामक युवक की संदिग्ध मौत हुई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। परिजनों की ओर से जो आरोप लगाए गए हैं, उसकी जांच कराई जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली छात्र और छात्राओं को सम्मानित किया

ज्ञानस्थली स्कूल में हुआ भव्य कार्यक्रम का आयोजन

मीरापुर, 21 नवम्बर (बु.)। ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में आयोजित "क्रिकेट" प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विजयी छात्रों अमृत सुखीजा, अनन्त राजवंशी, सचिन काकरान, अक्षित चौधरी, आयुष शर्मा, आरव बैसला, अभिषेक सैनी, आदित्य, वंश विश्वकर्मा, आयुष पंवार, अली गाजी, देवांश, एवं गौतम गिरि को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए विद्यालय प्रबंधन ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कक्षा 3 से 5 तक "इंटर क्लास पेंटिंग" प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राओं अर्पण शर्मा, नंदिनी नहरिया, जैनब, निकुंज कुमार, अक्षिता सक्सेना, आराध्या, श्रद्धा विश्वकर्मा एवं अवनी धीमान आदि बच्चों को सुंदर और मनमोहक पेंटिंग बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया। "इंटर क्लास पोस्टर मेकिंग" प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राओं आरोही प्रधान, खुशी चौधरी, परी, चित्राक्षी सिंह, अल्का पंवार, अपार चौधरी, अहमद रजा एवं वंशिका कौशिक आदि को उनकी सुंदर कलाकृतियों के लिए पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनकी प्रतिभा की सराहना करते हुए इसी प्रकार भविष्य में और भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उन सभी को प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



पालिका में ही शामिल रहेगी ग्राम पंचायत आर्यपुरी देहात

-आर्यपुरी ग्राम प्रधान आसमा ने हाईकोर्ट में डाली थी याचिका, सोमवार को हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला, केवल नाहिद कॉलोनी की ही प्रधान रहेगी आसमा

कैराना, 21 नवम्बर (बु.)। नगर पालिका के सीमा विस्तार के बाद नगर पालिका में शामिल हुई आर्युपरी ग्राम पंचायत की प्रधान ने सीमा विस्तार के विरुद्ध हाईकोर्ट में रिट दायर की थी। सोमवार को हाई कोर्ट ने आर्यपुरी को नगरपालिका में शामिल रखते हुए अपना फैसला सुनाया।

नगर पालिका के सीमा विस्तार के बाद आर्यपुरी देहात को नगर पालिका में शामिल कर लिया था, जिसके चलते आर्यपुरी व उसके मजरे बदलूगढ़ व इस्लामनगर भी पालिका में शामिल हो गये थे, वहीं आर्यपुरी की ग्राम प्रधान आसमा ने हाईकोर्ट में रिट दायर की थी। सोमवार को ग्राम प्रधान आसमा की रिट पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने अपना निर्णय दिया कि आर्यपुरी देहात व उसके मजरे बदलूगढ व इस्लाम नगर नगर पालिका में ही शामिल रहेंगे। फैसले में कहा गया कि नगर पालिका की सीमा से बाहर नाहिद कॉलोनी में ही ग्राम प्रधान अपनी प्रधानी कर सकती है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी इन्द्रपाल सिंह यादव ने बताया कि पालिका सीमा विस्तार के विरुद्ध आर्यपुरी ग्राम प्रधान आसमा की याचिका पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया।

पिछले काफी दिनों से बड़ी गंभीर चर्चाओं का कारण बना यह मामला अब नये मोड़ पर है। इस प्रकरण में दिए गए हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि आर्यपुरी देहात व बदलूगढ़ तथा इस्लाम नगर नगर पालिका में ही शामिल रहेंगे। ग्राम प्रधान आर्यपुरी देहात के बचे हुए आंशिक हिस्से नाहिद कॉलोनी में अपनी प्रधानी कर सकती है।

स्पिक मैके कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दिए बेस्ट टिप्स

जैन कन्या इंटर कॉलेज व ग्रेन चैंबर कॉलेज से शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 21 नवंबर (बु.)। स्पिक मैके (सोसाइटी फॉर द प्रोमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ) द्वारा सोमवार को वर्कशॉप डेमोन्सट्रशम श्रृंखला का शुभारंभ जैन कन्या इंटर कालेज नई मंडी तथा ग्रेन चैंबर इंटर कॉलेज में भरतनाट्यम नृत्यांगना सयानी चक्रबर्ती द्वारा किया गया।

उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गजेंद्र कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वास्तव में भारतीय विरासत के समुचित परिचय के बिना शिक्षा अधूरी ही है। स्पिक मैके मुजफ्फरनगर चैप्टर ने माध्यमिक विद्यालयों में डब्ल्यूडी श्रृंखला के तहत सोमवार को जैन कन्या इंटर कॉलेज नई मंडी व ग्रीन चैंबर इंटर कॉलेज में सयानी चक्रबर्ती के छह दिवसीय कार्यक्रमों का जोरदार शुभारंभ किया गया शुभारंभ अवसर पर भरतनाट्यम कलाकार सयानी ने विद्यार्थियों को नृत्य की बारीकियों से परिचित कराते हुए उनसे भरतनाट्यम की कुछ मुद्राओं का अभ्यास कराया तथा मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किये। एक ओर जहाँ जैन कन्या इंटर कॉलेज में उन्होंने कंस वध कथा के माध्यम से नव रसों का सुन्दर प्रदर्शन किया।

दूसरी ओर नई मंडी स्थित ग्रीन चैम्बर इंटर कॉलेज में देवी दुर्गा के विभिन्न रूप प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक गजेंद्र कुमार ने दोनों विद्यालयों में स्पिक मैके के अनूठे प्रयासों को प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में ले जाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा मुजफ्फर नगर के प्रत्येक विद्यालय में कार्यक्रम कराने का वचन दिया। वह दोनों विद्यालयों में पूरे समय उपस्थित रहे । इस अवसर पर दीप प्रज्ज्वलन की औपचारिकता विद्यालय के प्रधानाचार्यो डॉ. कंचन प्रभा शुक्ला व विजय कुमार शर्मा ने जिला विद्यालय निरीक्षक गजेंद्र कुमार, सयानी चक्रबर्ती तथा अन्य अतिथियों के साथ सम्पन्न की इससे पूर्व कलाकार का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विभिन्न विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे। सोमवार को स्पिक मैके की ओर से कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. मृदुला व नीति मित्तल, भावना सिंघल, हर्ष, नंदिनी मिनोचा आदि ने अपना योगदान दिया।

भारतीय संस्कृति के बिना हर शिक्षा अधूरी है: गजेन्द्र कुमार

विद्यार्थियों के बीच शास्त्रीय संगीत का प्रचार करतीं भारतनाट्यम नृत्यांगना सयानी चक्रबर्ती।

क्रांति सेना महिला मोर्चा की बैठक में लव जिहाद पर रोष

मुजफ्फरनगर, 21 नवंबर (बु.)। क्रान्ति सेना महिला मोर्चा की एक बैठक रामपुरी मे राखी प्रजापति के निवास पर आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता सहारनपुर मंडल अध्यक्ष पूनम अग्रवाल व संचालन नगर महासचिव शालिनी देवी द्वारा किया गया। क्रान्ति सेना महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम चैधरी का सभी महिला ईकाई द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

बैठक में क्रान्ति सेना की महिला मोर्चा द्वारा लव जेहाद की बढ़ती घटनाओं पर चितां व्यक्त की गई। क्रान्ति सेना महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पूनम चैधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा आज देश में हिन्दू वादी सरकार होने के बावजूद लव जेहाद की घटनाएं तेजी के साथ बढ़ रही है, एक विशेष सम्प्रदाय के युवक अपने नाम, पहचान छुपाकर हिन्दू युवतियों को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उनका शारीरिक शोषण कर उनका धर्मपरिवर्तन कराने की घिनौनी साजिश कर रहे है।

पूनम चैधरी ने कहा लव जेहाद की बढ़ती घटनाओं को लेकर क्रान्ति सेना महिला मोर्चा सड़कों पर उतरकर कड़ा विरोध प्रदर्शन करेगी, बैठक में उपस्थित महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष नेहा गोयल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा महिलाओं को जागरूक होना होगा अपने मान सम्मान की लड़ाई लड़ने के लिए क्रान्ति सेना सगठनं को मजबूत करना होगा।

इस अवसर पर सहारनपुर मंडल अध्यक्ष अमित अग्रवाल उर्फ बंटी व जिलाध्यक्ष आनन्द प्रकाश गोयल व महानगर अध्यक्ष शरद कपूर ने संयुक्त रूप से भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा भाजपा को सत्ता में हिन्दूत्व की रक्षा के लिए लाये थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद भाजपा अपने हिन्दू वादी अजेडे से भटक चुकी है, ओर कांग्रेस सपा की तरह मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की ओर चल पड़ी है, जिसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा। आज की बैठक में मुख्य रूप से अंजु त्यागी, कंचन बाटला, बबीता शर्मा, राखी प्रजापति, प्रेमलता, सरिता, कौशल्या, शालिनी, मोनिका, अनिता प्रजापति, रानी प्रजापति, सविता, सुनिता, राजबाला, सुरेखा, संगीता, तारा, मुनिया, शोभा रानी, सुनील प्रजापति, सुरेश बारी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डेंगू का डंक-बहादुरपुर में एंटी लार्वा का छिड़काव

प्रतिदिन मिल रहे डेंगू पीड़ित 4 से 5 मरीज, अस्पताल में बढ़ रहे बुखार के रोगी

मुजफ्फरनगर, 21 नवंबर (बु.)। जनपद में तमाम प्रयासों के बावजूद डेंगू का डंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे हालातों में जनपद में प्रतिदिन एक नहीं बल्की डेंगू के 4 से 5 मरीज मिल रहे हैं। ये आकड़ा तेजी से बढ़ रहा है स्वास्थ्य विभाग के साथ जनसामान्य के लिए भी चिंता का कारण बना हुआ है।

बीते दिनों जिले में कई क्षेत्रों में डेंगू के मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग की सांसे फूल रही है। वहीं डाक्टरों की माने तो अभी डेंगू से घबराने की आवश्यकता नहीं बल्कि अगर सही समय पर सही उपचार मिल जाए तो मरीज पूरी तरह से ठीक हो जाता है। इस मौसम में जैसे ही बुखार की शिकायत हो तत्काल निकटवर्ती सरकारी अस्पताल में दिखाएं। डेंगू के जनपद में बढ़ते प्रकोप के बीच स्वास्थ्य विभाग ने नगर क्षेत्र के साथ गांव देहात में भी एंटी लारवा का छिड़काव किए जाने के साथ लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के अभियान चलाया है। वहीं दूसरी ओर डेंगू के बढ़ते प्रकोप के बीच इससे बचाव के लिए मरीजों की जिला अस्पताल में सुबह से ही भारी भीड रही। सीएमएस राकेश कुमार ने बताया कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन डेढ़ से 2 हजार से अधिक मरीजों की ओपीडी हो रही है। जिसमें अधिकांश लोग बुखार

व डेंगू के है। जिला अस्पताल में अभी भी डेंगू के मरीज भर्ती है। स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे में लोगों से डेंगू से बचाव के लिए पूरी बांह के कपड़े पहनें और घरों और आसपास पानी में आवश्यक एवं अनावश्यक दोनों ही रूप से जमा न होने देने की अपील की है।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि डेंगू पर काबू पाने के लिए प्रयास तेज कर दिये गये हैं। हालांकि जनपद में जिला मलेरिया विभाग की टीम द्वारा बड़े पैमाने पर एंटी लार्वा दवा का छिड़काव शुरू कराया जा रहा है, जिन गांवों में डेंगू मरीज मिले हैं, वहां पर सैंपलिंग भी कराई जा रही है। डेंगू बुखार तीन तरह का होता है। प्रकार क्लासिकल साधारणडेंगू बुखार, डेंगू हमरेजिक बुखार डीएचएफ और डेंगू शॉक सिंड्रोम डीएसएस का होता है। क्लासिकल साधारण डेंगू बुखार में मृत्यु नहीं होती है, लेकिन यदि डेंगू हमरेजिकहेमरेजिक बुखार या डेंगू शॉक सिंड्रोम का तुरंत उपचार शुरू नहीं किया जाता है तो जानलेवा साबित हो सकता है। सोमवार को भी लोगों को जागरूक करने के साथ डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिला मलेरिया अधिकारी अलका सिंह के नेतृत्व में ग्राम बहादरपुर का दौरा किया और लोगों को खाली स्थानों और बर्तनों में अनावश्यक रूप से भरे हुए पानी को साफ कराते हुए नालियों और ऐसी जगह पर एंटी लारवा का छिड़काव किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस दौरान लोगों को डेंगू से बचाव के प्रति जागरूक भी किया।

उन्होंने कहा जिला महिला अधिकारी अलका सिंह ने बताया कि जनपद में लगातार डेंगू के मामले मिलने से लोगों में डर है जो नहीं होना चाहिए। प्लेटलेट्स पचास हजार से नीचे जाने पर ही स्थिति गंभीर मानी जाती है। विभिन्न संवेदनसील क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य कैंप लगाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर लगाकर यहां वहां रोगियों की जांच कर उपचार दिलाया गया।

श्रीराम कॉलेज बायोसाइंस विभाग की 02 और छात्राओं को यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल

सम्मान... 15 दिसंबर को राज्यपाल करेंगी छात्राओं को सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 21 नवम्बर (बु.)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा घोषित यूनिवर्सिटी टॉपर्स की मेरिट सूची में श्रीराम कॉलेज की बायोसाइंस विभाग की दो छात्राओं ने अपना नाम दर्ज कराया है। बायोसाइंस विभाग के एमएससी (बायोटैक्नोलॉजी) की छात्रा जाहनवी दहिया ने (87.16 प्रतिशत) एवं एमएससी(माइक्रोबायोलॉजी) की छात्रा वंशिका (86.20 प्रतिशत) ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इनको आगामी 15 दिसम्बर को विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान किया जायेगा।

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा जारी अभी तक की मेरिट सूची में टॉपर्स के अतिरिक्त बायोसाइंस विभाग की एमएससी (बायोटैक्नोलॉजी) की छात्रा दिव्या रघुवंशी ने 85.52 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सूची में

वंशिका जाहनवी

तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई। ज्ञात हो कि चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा जारी अभी तक की मेरिट सूची के अनुसार श्रीराम कॉलेज के 08 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक की लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया है, जिसमें ललित कला विभाग में एमएफए एप्लाईड आर्ट्स पाठ्यक्रम से आयुषी जैन ने (89.80 प्रतिशत), एमएफए ड्राईंग एंड पेंटिंग पाठ्यक्रम की छात्रा सादिका अरशद (88.70 प्रतिशत) और एमएफए फैशन डिजाइनिंग पाठ्यक्रम की छात्रा शैली (88 प्रतिशत), एमएफए टैक्सटाईल पाठयक्रम की छात्रा अन्या तोमर (80.25), एमएससी (ग्रह विज्ञान) होम मैनेजमेंट पाठयक्रम की छात्रा मुस्कुराना (86.65 प्रतिशत), बीएफए पाठयक्रम की छात्रा दीपिका (89.62 प्रतिशत), अंक प्राप्त किया। इन सभी विद्यार्थियों को 15 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित होने वाले 34वें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्रदान किया जायेगा।

श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा. अशोक कुमार ने 15 दिसम्बर को होने वाले प्रस्तावित 34वें दीक्षांत समारोह में दिए जाने वाले स्वर्ण पदक के लिए अलग-अलग संकाय से चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। कॉलेज की प्राचार्या डा. प्रेरणा मित्तल ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। विभागाध्यक्ष डा. विपिन कुमार सैनी ने विद्यार्थी एवं प्रवक्ता को बधाई दी।

राशन डीलर के कथित घोटाले को रोकने को सौंपा डीएम को ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 21 नवंबर (बु.)। सोमवार को ऑल इंडिया एंटी करप्शन सर्विस टेस्ट के मंडल अध्यक्ष डॉ. गोपाल कश्यप के निर्देश पर जिलाध्यक्ष विक्की चावला के नेतृत्व में एंटी करप्शन टीम ने आम जनता को दिए जाने वाले सरकारी राशन में हो रहे घोटाले को रोकने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए समस्याओं के निदान की मांग की।

एंटी करप्शन टीम ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि सरकार द्वारा मासिक रूप से आम जनता को एपीएल बीपीएल आदि कार्डो पर दिए जाने वाले राशन में राशन डीलर द्वारा बड़े पैमाने पर घोटाला किया जा रहा है राशन डीलर प्रति 5 किलो पर 1 किलो राशन या कभी इससे भी ज्यादा घटा देता है। दूसरी ओर यही राशन, डीलर द्वारा महँगे दाम पर बेच दिया जाता है।

लोगों द्वारा डीलर को उसकी गलती बताने पर डीलर लोगों के साथ गाली-गलौच करता है और राशन ना देने की धमकी देता है और कई बार तो वह शिकायतकर्ता का राशन भी काट देता है। जब पीड़ित एडीएम

या डीएम साहब से शिकायत करते हैं तो आपके द्वारा तो इस तरह के अपराध को रोकने के आदेश दे दिए जाते हैं।

मगर आपसे नीचे बैठे कुछ अधिकारी इस पर कोई उचित कार्रवाई नहीं करते, लोगों का मानना है कि प्रशासन के कुछ लोग भी ड़ीलर के साथ मिले होते हैं। आपसे निवेदन है किस प्रकार के भ्रष्टाचार को रोकने के लिए शीघ्र उचित कार्रवाई। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन पांचाल, उपाध्यक्ष बादल वर्मा, महामंत्री नदीम अंसारी, नगर अध्यक्ष संजय मदान, हरीश ठकराल, राजू बोथरा, हितेश गर्ग, सनी अहलूवालिया, नमन गर्ग, शुभम कुमार, बिजेंद्र लोहिया, गौरव सिंघल, अमन कुमार, भूपेंद्र सैनी और सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

1973-2022

सम्पादक की कलम से

गुजरात में चुनावी उठापटक

गुजरात में इन दिनों चुनावी उठापटक चल रही है। कांग्रेस, आप और भाजपा तीनों पार्टियां अपने-अपने प्रचार में लगी हैं। अपने-अपने प्रचार के साथ ये एक-दूसरे की खिंचाई भी कर रही हैं। हिमाचल चुनाव में भले ही राहुल गांधी प्रचार करने के लिए न उतरे हों, लेकिन गुजरात में कांग्रेस के 27 साल के वनवास को खत्म करने के लिए 'भारत जोड़ो यात्रा' से ब्रेक लेकर पहुंचे हैं। गुजरात विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद पहली बार राहुल गांधी ने राजकोट और सूरत में रैली को संबोधित किया, राहुल चुनाव प्रचार अभियान का आगाज गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र से कर रहे हैं, जहां पिछले चुनाव में बीजेपी से बेहतर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया था। सौराष्ट्र में कांग्रेस का पलड़ा भारी रहा था। 2017 में पाटीदार आंदोलन के चलते पटेल बहुल सौराष्ट्र क्षेत्र में बीजेपी को काफी नुकसान उठाना पड़ा था और कांग्रेस को फायदा मिला था। सौराष्ट्र के इलाके की कुल 54 विधानसभा सीटों में से बीजेपी 23 सीटें ही जीत सकी थी, जबकि 2012 के चुनाव में भाजपा ने इस इलाके की 35 सीटों पर कब्जा जमाया था। 2017 के चुनाव में कांग्रेस को 30 और अन्य को एक सीट मिली थी। अभी कुछ दिनों पहले कांग्रेस नेता मधुसूदन मिस्त्री ने कहा था कि अबकी बार चुनाव में मोदी की औकात बता देंगे। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने इसी बयान को लेकर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है।सुरेंद्र नगर में पीएम मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा, कांग्रेस वाले कहते हैं कि मोदी को औकात दिखा देंगे, अहंकार है भाइयों अहंकार, मोदी को औकात दिखा देंगे, अरे माई-बाप! आप तो राज परिवार से हैं, मैं तो एक सामान्य परिवार की संतान हूं, मेरी कोई औकात नहीं है, तुम मेरी औकात मत दिखाओ, मैं तो सेवादार हूं, नौकर हूं, सेवादार की कोई औकात नहीं होती है। मोदी ने कहा, तुमने मुझे नीच कहा, नीची जाति का कहा। तुमने मौत का सौदागर कहा, गंदी नाली का कीड़ा कहा, अब तुम औकात बताने की बात कह रहे हो, हमारी कोई औकात नहीं है, मेहरबानी करके विकास के मुद्दे की चर्चा करो। विकसित गुजरात बताने के लिए मैदान में आओ। औकात बनाने का खेल छोड़ दो भाई। प्रधानमन्त्री ने राहुल और मेघापटकर पर भी कटाक्ष किए, हालांकि किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि जो लोग सत्ता से बाहर किए जा चुके हैं, वे यात्रा के जरिए वापसी करना चाहते हैं, उन्होंने लगातार दूसरे दिन नर्मदा प्रोजेक्ट की बात दोहराते हुए कहा,नर्मदा डैम परियोजना को तीन दशक तक ठप रखने वाली महिला के कंधे पर हाथ रखकर पदयात्रा करते हुए कांग्रेस नेता नजर आए हैं। यह चुनाव नर्मदा प्रोजेक्ट का विरोध करने वालों को हराने का चुनाव है। धोराजी की जनसभा में भी पीएम ने यही बात कही थी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा था, कांग्रेस से पूछिए कि जो लोग नर्मदा बांध के खिलाफ थे, आज उन्हीं के कंधों पर हाथ रखकर आप पदयात्रा निकाल रहे हैं। क्यों भाई? इन लोगों ने गुजरात में नर्मदा प्रोजेक्ट का इतना विरोध किया था कि इस प्रोजेक्ट के लिए गुजरात को विश्व बैंक से एक रुपया भी नहीं मिल सका था। अगर हमने नर्मदा प्रोजेक्ट को आगे न बढ़ाया होता, तो आज यहां की हालत पहले की तरह होती। उन्होंने जनता से सेवा का एक और मौका मांगा। मोदी ने कहा कि जिस गुजरात में पहले साइकिल तक नहीं बनती थी, अब हवाई जहाज बनने लगे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ नेता देश में यात्रा कर रहे हैं। उनकी पार्टी के नेताओं से जनता को पूछना चाहिए कि राजकोट में पानी की कमी को दूर करने के लिए उन्होंने क्या किया है। कांग्रेस के शासन में तो हैंडपंप लगाकर पल्ला झाड़ लिया जाता था। गुजरात में कांग्रेस भले ही 27 सालों से सत्ता का वनवास झेल रही है, लेकिन सौराष्ट्र के इलाके में उसने बीजेपी को पिछली बार पछाड़ दिया था। राहुल गांधी गुजरात चुनाव अभियान का आगाज इसी सौराष्ट्र के इलाके से कर रहे हैं, जहां बीजेपी और आम आदमी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक रखी है। सौराष्ट्र के सबसे बड़े जिले राजकोट में कांग्रेस को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली थी। जिले की आठ में से छह सीटें बीजेपी के खाते में गईं थी और कांग्रेस को दो सीटें मिली थी। सौराष्ट्र में इस बार आम आदमी पार्टी ने अपनी पूरी ताकत लगा रखी है, जिसके चलते बीजेपी को फायदा मिल सकता है। बीजेपी को खासकर उन सीटों पर फायदे की उम्मीद दिख रही है,जहां पर पिछले चुनाव में उसे मामूली अंतर से कांग्रेस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। बीजेपी को सौराष्ट्र की कई सीटों पर महज हजार-दो हजार वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था, जिसके चलते कांग्रेस मजबूत होकर उभरी थी। 2017 में बीजेपी जिन सीटों पर मामूली अंतर से कांग्रेस के हाथों हारी, उसमें डांग सीट पर 768 वोट और कपराडा में 170 वोट से मात मिली थी। ऐसी करीब एक दर्जन सीटें है,जहां पर जीत हार का अंतर एक हजार से पांच हजार के बीच रहा है। सौराष्ट्र के सियासी समीकरण इस बार बदल गए हैं। यहां कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधी लड़ाई होने के बजाय त्रिकोणीय मुकाबले के आसार दिख रहे हैं, क्योंकि आम आदमी पार्टी भी पूरी ताकत से मैदान में उतरी है। बीजेपी सौराष्ट्र में अपने पुराने नतीजे को दोहराने के लिए मशक्कत कर रही है। यही वजह है कि राहुल गांधी सौराष्ट्र क्षेत्र से गुजरात चुनाव प्रचार अभियान शुरू कर रहे हैं ताकि 2017 के चुनाव नतीजे को दोहरा सकें। गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में बीजेपी ने ज्यादातर नए चेहरों को उतारकर सारे समीकरण बदल दिए हैं। बीजेपी ने राजकोट के चार मौजूदा विधायकों के टिकट काटे हैं।सौराष्ट्र क्षेत्र में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आने वाले दलबदलू नेताओं पर भी दांव लगाया है। जूनागढ़ की पांच में से चार सीटें कांग्रेस ने जीती थी। भावनगर और अमरेली में बीजेपी ने कई नए चेहरों को मौका दिया गया है। सौराष्ट्र क्षेत्र में पाटीदार और आदिवासी वोटर अहम है। पाटीदार बीजेपी का परंपरागत वोटर रहा है, तो आदिवासी कांग्रेस का वोटबैंक माना जाता है। सभी अपना-अपना गणित बैठा रहे हैं, जनता ने अपना मन बना रक्खा है, देखना यह है कि संख्या बल किसका अधिक बैठता है।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"गीता" "कुरआन" "श्रद्धा" "जहां"

हमें गीता पे श्रद्धा है, तुम्हें कुरआन प्यारा है,
मगर दोनों के वचनों को, न तुम समझे, न हम समझे।
उलझ कर रह गए हैं हम,उलझ कर रह गए हो तुम,
जहाँ की सच्ची बातों को,न तुम समझे, न हम समझे।

शोक संदेश

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परम पूजनीय पिता श्री आदेश कुमार अग्रवाल (एलआईसी वाले) (पुत्र स्व. श्री प्रकाश चन्द सिंघल जी) का स्वर्गवास दिनांक 17 नवम्बर 2022, दिन गुरूवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी (तेरहवीं) दिनांक 27 नवम्बर 2022, दिन रविवार को होनी निश्चित हुई है।

हवन (निवास पर) - प्रातः 10:00 बजे,
ब्रह्मभोज - दोपहर 12 बजे
रस्म पगड़ी - दोपहर 2 बजे

स्थान : "ग्रीन फार्म्स",
जानसठ रोड, निकट जानसठ बाईपास, मुजफ्फरनगर

-शोकाकुल परिवार-

कुमकुम अग्रवाल (पत्नी) अव्यांश (पौत्र)
शलभ अग्रवाल-मनिका अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधु) अन्वेषा, आश्वी, प्राख्या (पौत्री)
नमन अग्रवाल-श्रद्धा अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधु) एवं समस्त शोकाकुल परिवारगण

निवास :- म.न. 7, फेस-2 निकट पानी टंकी, सुरेन्द्र नगर, मुजफ्फरनगर

Shalabh Agarwal
M.: 09999311201

Naman Agarwal (LIC)
M.: 09897222262

कृपया पगड़ी साथ लेकर ना आयें।

पराली व गन्ने की पत्ती जलाने वालों के खिलाफ हथियार बना सैटेलाइट

-बुढ़ाना व सदर ब्लॉक के 4 किसानों के खिलाफ हुई जुर्माने की कार्रवाई

मुजफ्फरनगर, 21 नवंबर (बु.)। उत्तर भारत के अनेक राज्यों में पराली जलाने को लेकर इस बार सरकारें सख्त नजर आ रही हैं. ऐसे हालातों में जहां एक और हरियाणा, पंजाब में पराली जलाने वाले किसानों से जुमार्ना वसूला जा रहा है वही यूपी में भी बड़े स्तर पर इस मामले में सरकार की सख्ती के चलते जिला स्तर पर कार्रवाई हो रही है। इन हालातों के बीच प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में 4 स्थानों पर गन्ने की पत्ती जलती मिली।

ये सभी किसान कृषि विभाग की निगरानी टीम के जरिए खेतों में गन्ने की पत्ती को जलाते हुए पकड़े गए। विभागीय टीम ने पकड़े गए इन किसानों से 5 हजार रुपये प्रति किसान से जुमार्ना वसूला गया। जनपद में हुई उक्त कार्रवाई से पराली और गन्ने की पत्ती जला रहे अन्य तमाम किसानों में हड़कंप मचा है। गन्ने के खेत में पत्ती जलाने पर शासन स्तर पर जारी निदेर्शों के बीच जनपद मुजफ्फरनगर में कृषि विभाग ने चार किसानों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। वहीं चारों किसानों को जुमार्ना जमा करने के लिए नोटिस भेजा गया है। कृषि विभाग के फिल्ड स्टॉप और संबंधित तहसील के कर्मचारियों ने चारों किसानों को मौके पर पत्ती जलाते हुए पकड़ा है, जिसमें से तीन किसान बुढ़ाना क्षेत्र और एक किसान मुजफ्फरनगर के सदर ब्लाक का निवासी है।

दिल्ली एनसीआर के साथ वेस्ट यूपी में बीते कई दिनों से पर्यावरण दूषित बना हुआ है। कहना गलत नहीं होगा कि जनपद मुजफ्फरनगर में जिम्मेदार अधिकारियों की उपेक्षा के चलते दीपावली के बाद से पर्यावरण में पूरी तरह से सुधार नहीं हो पाया है। ऐसे हालातों में बिगड़ते पर्यावरण संतुलन को सुधारने के लिए जनपद के प्रदूषण विभाग की ओर से चलाए गए अभियान के तहत कई फैक्ट्री और कोल्हूओं पर कार्रवाई पूर्व में की जा चुकी है।

वहीं किसानों को भी बार-बार पराली, और गन्ने की पत्ती आदि न जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है, लेकिन फिर भी किसान खेत में गन्ने की पत्ती आदि जला रहे हैं। जिससे पर्यावरण दूषित हो रहा है। कृषि विभाग के कर्मचारियों ने ऐसे चार किसानों को मौके पर पत्ती जलाते हुए पकड़ा है। बुढ़ाना क्षेत्र के गांव कुरथल निवासी रामपाल, बिराल निवासी गुलशन, मिंडकाली निवासी श्रीराम और सदर ब्लाक के गांव पचेण्ड़ा निवासी सालिम को अपने खेत में गन्ने की पत्ती जलाते हुए पकड़ा गया है। किसी विभाग के अधिकारियों ने इन चारों किसानों पर पांच पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए नोटिस भेजा है।

इन्होंने कहा.....

चार किसान खेत में गन्ने की पत्ती जलाते हुए पकडे. गए है। इन चारों किसानों पर पांच-पांच हजार रुपए जुर्माना लगाते हुए नोटिस भेजा गया है। वहीं अन्य किसानों से अपील की गई है कि वह अपने खेत में पत्ती, पराली और फसलों के अवशेष को न जलाए। पत्ती, पराली और फसलों के अवशेषों का प्रबंध करने के लिए डी कम्पोजर का प्रयोग करें

➔ आरपी चौधरी, उप कृषि निदेशक

किड्जी स्कूल में बेबी शो का हुआ आयोजन

मुजफ्फरनगर, 21 नवम्बर (बुस.)। किड्जी, प्रेमपुरी में एक बेबी शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रोग्राम का नाम था "राईजिंग स्टार"। इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी मनमोहक पोशाक से सबका मनमोह लिया। आज के कार्यक्रम में पूरे जनपद के छोटे-छोटे बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों को पांच केटेगरी में विभक्त किया गया था। 0 से 1 वर्ष तक 1 से 2 वर्ष तक, 2 से 3 वर्ष तक, 3 से 4 वर्ष तक और 4-5 वर्ष तक के बच्चों का ग्रुप बनाया गया था। बच्चों के लिये बहुत सारे फन गेम रखे गये थे बच्चों के अभिभावको को भी बहुत सारे गेम खिलाये गये। स्कूल के डॉयरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा ने किड्जी के बारे में सभी को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि "प्री स्कूल मतलब किड्जी। किड्जी से पधारे टेरेटरी मैनेजर वैभव शर्मा ने बताया क्यूं बच्चों को किड्जी में पढ़ाना चाहिए। किड्जी साइंटिफिक तरीके से बच्चो की पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें एक अच्छा नागरिक भी बनाता है। कार्यक्रम का संचालन नेहा अरोरा ने किया। उन्होने प्रोग्राम में आमंत्रित सभी आगन्तुकों का धन्यवाद किया और किड्जी प्रेमपुरी शाखा के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में जज की भूमिका मिस तृप्ति और दिशा अरोरा ने निभायी। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष शालिनी शर्मा और सौरभ अरोरा ने दीप प्रज्वलित करके किया। अनाया वर्मा, आरव गोयल, इब्राहिम इमरान, हुमयी, मिताश अरोरा, काश्वी अरोरा, रौनक अरोरा, अभियुक्त अग्रवाल, कृपया को पुरस्कृत किया गया।

डॉ. शुभांग भारद्वाज लखनऊ में सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 21 नवम्बर (बुस.)। लखनऊ के गोमती नगर स्थित उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में चतुर्थ राष्ट्रीय फिजियोथैरेपी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा से लगभग 550 फिजियो ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा किया गया। इस कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों ने अपने अपने विचार रखे तथा नयी तकनीको के बारे में भी बताया। बृजेश पाठक ने फिजियोथैरेपिस्ट और फिजियोथैरेपी चिकित्सा को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए हर प्रकार की शारीरिक बीमारियो में फिजियोथैरेपी का महत्व बताया। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने तिहाड़ जेल में बंद सत्येन्द्र जैन की मालिश और फिजियोथैरेपी इलाज के संबंध में भी अपनें विचार रखें।

कॉन्फ्रेंस में स्वास्तिक फिजियोथैरेपी क्लिनिक के संचालक डॉ. शुभांग भारद्वाज को उनके 18 वर्षो के लंबे समय में फिजियोथैरेपी चिकित्सा क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे कि इससे पूर्व सितंबर में भी डॉ. शुभांग को गाजियाबाद UPCON में भी बेस्ट उत्तर प्रदेश का अवार्ड प्राप्त हो चुका है।

कॉन्फ्रेंस में आईएपी के अध्यक्ष डॉ. संजीव झा, डॉ. रुचि, डॉ. जॉन, डॉ. सुदीप, डॉ. संजय, डॉ. गौरव, डॉ. कपिल आदि उपस्थित रहे।

किरयाना की दुकान से हजारों की नकदी चोरी

कांधला, 21 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में अज्ञात चोरों ने किरयाना की दुकान का ताला तोड़कर हजारों की नकदी चोरी की है। पीड़ित व्यापारी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। गांव गंगेरू निवासी नवीन जैन गांव के मैन बाजार में किरयाना की दुकान करते हैं। व्यापारी के मुताबिक देर रात अपनी दुकान बंद करने के पश्चात घर चला आया था। मध्यरात्रि के समय अज्ञात बदमाशों ने दुकान के बाहर लगी खिड़की के सरिया काटकर दुकान के भीतर घुस गये और सामान खंगालते हुए गल्ले में रखी आठ हजार रुपये की नकदी को चोरी कर मौके से फरार हो गये। सुबह जब व्यापारी दुकान पर पहुंचा, तो दुकान में चोरी की घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने पुलिस को अज्ञात चोरों के विरूद्ध तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विवाहिता महिला पर चाकू से हमला

कांधला, 21 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरु निवासी विवाहिता महिला आसिफा ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि पति मोहसिन सहित अन्य लोगों ने महिला के साथ मारपीट करते हुए धारदार चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला को परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराने के पश्चात थाने जाकर आरोपी पति सहित अन्य लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हूटरधारी फर्जी भाजपा नेता की गाड़ी हुई सीज

भोपा, 21 नवंबर (बु.)। पुलिस ने हूटर बजाकर सत्ता का रौब गालिब करने वाले फर्जी भाजपा नेता की कार पुलिस के हत्थे चढ़ गई। भाजपा का झंडा व स्टीकर लगी सफारी गाडी में बैठे फर्जी नेता की कार को कागजात न होने पर पुलिस ने सीज कर दिया। बताया गया है कि रविवार की शाम ककरौली थाना क्षेत्र के ग्राम खुजेड़ा में पुलिस चैकिंग अभियान चलाए हुई थी।

अनावश्यक रूप से हूटर बजाने वाली कार को रुकने का इशारा पुलिस ने किया तो चालक मुजम्मिल निवासी टंढेड़ा ने रौब गालिब करने का प्रयास किया। इस सफारी कार पर भाजपा का झंडा व भाजपा युवा मोर्चा का स्टीकर लगा हुआ था। पुलिस ने गाड़ी में सवार नेता मुजम्मिल के बारे में जानकारी की तो पता चला कि भारतीय जनता पार्टी से उसका कोई सम्बंध नहीं है।

मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने बताया कि कागजात न होने पर कार को सीज करने की कार्रवाई की गयी है।

ग्राम बेहड़ा सादात मण्डल अध्यक्ष दिनेश सैनी ने बताया कि मुजम्मिल नाम का कोई कार्यकर्ता पार्टी में नहीं है। कार व मुजम्मिल से पार्टी का कोई सम्बंध नहीं है।

राजपुर कला में आर्य समाज का किया गया गठन

जानसठ, 21 नवम्बर (बु.)। निकटवर्ती गांव राजपुर कला में गांव के प्रबुद्ध लोगों ने आर्य समाज की ग्राम इकाई का गठन करने के लिए बैठक का आयोजन किया। बैठक में लोकनाथ आर्य राष्ट्रीय अध्यक्ष वानप्रस्थ आयोग, आर्य श्याम पाल आर्य करनाल, राजेंद्र सिंह आर्य करनाल, सुरेश छोकर आर्य, वेद प्रकाश रोहतक, कुमार मुनि जी चांदपुर, रामदेव शास्त्री नोएडा, अनार सिंह नोएडा ने आर्य समाज के संदर्भ मे विस्तार से चर्चा की और लोगो को आर्य समाज के नियमों के बारे में समझाया। वक्ताओ ने कहा कि समाज में फैली विभिन्न प्रकार की कुरीतियों को दूर करने के लिए आर्य समाज एक बेहतर और सशक्त माध्यम है। स्वामी दयानन्द सरस्वती जी महाराज ने पाखंड, अंधविश्वास का जमकर विरोध किया और करोड़ों लोगों को कुरीतियों के प्रति जागरूक करने का काम किया। इस अवसर पर नीटू राजपाल, प्रधान रवि चौधरी, राजेंद्र सिंह, मास्टर अशोक, भूम सिंह पटवारी, जसवीर सिंह, सुनील, राजकुमार, वीरपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

दुष्कर्म के आरोपी पूर्व जिला पंचायत सदस्य को भेजा जेल

भोपा, 21 नवंबर (बु.)। ककरौली पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

आरोपी पर चार वर्ष पूर्व दुष्कर्म के मामले में मुकदमा दर्ज है। ककरौली थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने अभियुक्त कारी फुरकान को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह घर पर मौजूद था। अभियुक्त कारी फुरकान पर 2018 में जटवाड़ा निवासी महिला के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम देने के मामले में थाना ककरौली पर धारा 376, 392 व 354 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज है। अभियुक्त थाने का वारन्टी था। प्राप्त जानकारी के अनुसार फुरकान पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रहा है।

हमले में घायल बच्ची के चेहरे पर आए 115 टांके, 36 घंटे सर्जरी

गाजियाबाद, 21 नवंबर (वार्ता)। गाजियाबाद के विजयनगर में कुत्ते के काटने से गंभीर रूप से घायल एक साल की बच्ची रिया की 36 घंटे के बाद सोमवार को एम्स अस्पताल के चिकित्सकों ने सर्जरी की।

डॉ. महेंद्र और ईएनटी स्पेशलिस्ट ने मिलकर प्राथमिक सर्जरी की। बच्ची को चेहरे पर लगभग सवा सौ टांके लगे हैं। ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. राकेश ने बताया कि छोटे-छोटे टांके लगाने पड़े थे। बच्ची के चेहरे, नाक कान के पास कई स्थानों पर टेढ़े-मेढ़े घाव थे, जिन पर टांके लगाने पड़े हैं।

24 साल पहले मैंने की थी टी- 20 क्रिकेट की शुरूआत: राम रहीम ने किया दावा

बागपत, 21 नवंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के बागपत के बिनौली स्थित डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम का एक ऑनलाइन वीडियो सामने आया है, जिसमें वह दावा कर रहा है कि सबसे पहले उसने ही टी-10 और टी-20 क्रिकेट मैच की शुरूआत की थी। बता दें कि इस समय में डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम बरनावा के डेरा सच्चा सौदा आश्रम में 40 दिन के पैरोल पर है। आश्रम से रामरहीम ऑनलाइन उपदेश दे रहा है। जिसमें उसने दावा किया कि टी-10 और टी- 20 क्रिकेट की शुरूआत उसने की थी। ऑनलाइन सत्संग में राम रहीम ने कहा कि 24 साल पहले उसने सिरसा के गांव जलालआना में टी-10 किक्रेट और टी-20 क्रिकेट शुरू किया था, तब बड़े-बड़े प्लेयर कहते थे कि यह कोई क्रिकेट है? कोई खेलने नहीं आता था और अब, आज पूरी दुनिया ने इसे अपना लिया है। वीडियो में राम रहीम यह भी कहता सुनाई दे रहा है कि एक अट्ठा (8 रन) भी होता था, गेंद को स्टेडियम पार पहुंचाने पर 8 रन मिलते थे और अब आने वाले समय अट्ठा भी छक्के पर भारी पड़ेगा।

खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 0611548 की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है।

आरती सरोवा
पुत्र श्री रमेश सरोवा
निवासी : 780, रामपुरी, मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

REQUIRED

Golden opportunity offered to talented candidates in a Leading Publication

DTP OPERATORS
(Experienced Candidates)
PROOF READERS/EDITORS
(Min. Qualification : Graduate)
(ATTRACTIVE SALARY)

(Meet with Resume)
Meet On : Sunday to Friday
Time : 11:00 AM to 05:00 PM
email : hr.mznoffice@gmail.com
Contact No. : 8171831119

G.R. BATHLA & SONS
(A Leading Publishing Company)
Opp. - Vikas Bhawan, Meerut Road, Muzaffarnagar (U.P.)

श्रद्धा की हत्या पर व्यापारियों ने, कैंडल मार्च निकाला

कैराना, 21 नवंबर (बु.)। दिल्ली में श्रद्धा की निर्मम हत्या के विरोध में व्यापारियों ने कैंडल मार्च निकाला। बाद में व्यापारियों ने एएसपी को ज्ञापन देते हुए हत्यारोपी को फांसी दिलाने की मांग की। दिल्ली में श्रद्धा की हत्या के विरोध में सोमवार शाम करीब 7:30 बजे व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने शामली बस स्टैंड से कैंडल मार्च निकाला। बाद में व्यापारी चैक बाजार पहुंचे और शहीद स्मारक पर कैंडल रखते हुए 2 मिनट का मौन रखा और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके बाद व्यापारियों ने एडिशनल एसपी ओपी सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में श्रद्धा के हत्यारोपी को विशेष अदालत चलाकर जल्द से जल्द फांसी दिलाने की मांग की। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल गुप्ता, राकेश वर्मा, प्रदीप गोयल, मोबीन, अभिषेक, फैजान आदि मौजूद रहे।

पिकअप गाड़ी व घोड़ा बुग्गी की टक्कर, एक घायल

कांधला, 21 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग कांधला कॉलेज के समीप पिकट व घोड़ा-बग्गी की जबरदस्त टक्कर हो गई, जिसमें घोड़ा-बग्गी सवार व्यक्ति घायल हो गया।

सोमवार की सुबह जनपद बागपत के गांव रमाला निवासी राहुल प्रजापति घोड़ा-बग्गी में दाल चावल भरकर बेचने के लिये शामली जा रहा था। जब पीड़ित राष्ट्रीय राजमार्ग कांधला कॉलेज के समीप पहुंचा, तो पीछे से आ रही तेज गति की पिकप ने घोड़ा-बग्गी को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें बुग्गी की परखच्चें उड़ गये और बुग्गी सवार राहुल और घोड़ा बुरी तरह से जख्मी हो गये।

घायलों को पुलिस को मदद से स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी घायल के परिजनों को देकर मौके पर बुलाया गया। घटना के सम्बन्ध में घायल युवक के छोटे भाई विनित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। पुलिस पिकप चालक के विरूद्ध कार्रवाही में जुट गई है।

जज के मकान में चोरी का मास्टरमाइंड निकला बीकॉम का छात्र

- पुलिस व एसओजी ने दो सगे भाइयों समेत तीन आरोपी दबोचे
- चोरी के बाद आरोपियों ने सामान तोड़कर नाले में डाला था

कैराना, 21 नवंबर (बु.)। चार दिन पूर्व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आवास में हुई चोरी की घटना का एसओजी, सर्विलांस व पुलिस की संयुक्त टीमों ने खुलासा कर दिया है। घटना में शामिल दो सगे भाइयों सहित तीन शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का सामान नाले से क्षतिग्रस्त अवस्था में बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बी. कॉम का छात्र घटना का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। गत 16-17 नवंबर की रात अज्ञात चोरों ने शामली रोड़ स्थित अंबा मैरिज होम के निकट प्राइवेट आवास में रहने वाले अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आवास के ताले तोड़कर एक एलईडी, लैपटॉप व बूफर चोरी कर लिए गए थे। एडीजे की आवास में हुई चोरी की घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था। जज के अर्दली चंद्र प्रकाश की ओर से अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। एसपी अभिषेक ने एसओजी, सर्विलांस व पुलिस की टीमों को जल्द घटना के खुलासे के निर्देश दिए थे। सोमवार को एएसपी ओपी सिंह ने कोतवाली में प्रेसवार्ता कर उक्त घटना का खुलासा किया।

एएसपी ने बताया कि गांव मन्नामाजरा स्थित बाईपास पुल के नीचे से दो सगे भाइयों शशांक उर्फ सैंकी व मयंक पुत्र कमल निवासी मोहल्ला बेगमपुरा कैराना तथा दीपक पुत्र नाथीराम निवासी मोहल्ला पंसारियान शामली को गिरफ्तार किया गया है। एएसपी ने बताया कि आरोपी शशांक घटना का मास्टरमाइंड है, जो बी. कॉम द्वितीय वर्ष का छात्र है।

तीनों शातिर हैं, जो मुख्य मार्ग पर पड़ने वाले मकानों को निशाना बनाकर चोरी करते थे। आरोपियों ने जज के मकान में चोरी करने के बाद सामान को तोड़ने के बाद शामली में माजरा रोड़ पर नाले में फेंक दिया था, जिसे आरोपियों की निशानदेही पर बरामद कर लिया गया था। एएसपी ने बताया कि आरोपियों ने उत्तराखंड व यूपी के कई जिलों में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

भाजपा नेता की दबंगई से तंग दलित महिला ने दी आत्मदाह की चेतावनी

भोपा, 21 नवम्बर (बु.)। दलित महिला ने भाजपा नेता पर अधिकारियों से साठ-गांठ कर जबरदस्ती उसकी जमीन को कब्जाने व दबंगई दिखाने के गम्भीर आरोप लगाते हुए एक सप्ताह बाद सार्वजनिक आत्मदाह की चेतावनी दी है तथा जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

घटना को लेकर दलित समाज मे भारी रोष व्याप्त हो गया है। भीम आर्मी संगठन ने महिला के समर्थन में आंदोलन की चेतावनी दी है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी महिला बाला ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर बताया कि तहसील जानसठ क्षेत्र के गांव हैदरपुर में खसरा संख्या 183/3 जिसका रकबा 0.2200 व खसरा संख्या 199/1 जिसका रकबा 0.2660 हैक्टेयर है, में सहखातेदार है। वह पिछले 21 वर्षों से इस भूमि पर काबिज है, उसका परिवार इस भूमि खेतीकर गुजर बसर करता है। पिछले कुछ दिनों से स्वयं को भारतीय जनता पार्टी का बड़ा नेता बताने वाला व्यक्ति जो नोएडा का निवासी है, ने क्षेत्र के तहसील कर्मचारियों व अधिकारियों से साठ-गांठ कर उसकी भूमि पर जबरदस्ती कब्जा कर लिया है। पीड़िता बाला भूमि को कब्जा मुक्त कराने को लेकर अनेक प्रार्थना पत्र तहसील मुख्यालय पर दे चुकी है, किन्तु तहसील के कर्मचारी व अधिकारी दबंग भाजपा नेता से सांठगांठ किये हुए हैं। आरोपी के साथी कासमपुरा निवासी व्यक्ति द्वारा उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर डराया धमकाया जा रहा है। आरोपी नेता ने उसकी भूमि पर दीवार भी कर दी है। पीड़िता ने न्याय न मिलने पर आगामी दो दिसम्बर को सार्वजनिक आत्मदाह की चेतावनी दी है। घटना को लेकर दलित समाज में रोष व्याप्त हो गया है। भीम आर्मी संगठन ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

फ्रेट कॉरीडोर निर्माण में 55 किसानों के फंसे कई करोड़

- भाकियू नेता धर्मेन्द्र मलिक की अगुवाई में प्रतिनिधिमण्डल ने जिलाधिकारी से की मुलाकात
- जिला अधिकारी ने रेलवे बोर्ड के अधिकारियों से बात कर 15 दिन में समाधान का दिया आश्वासन

मुजफ्फरनगर, 21 नवम्बर (बु.)। रेलवे के डेडिकेटिड फ्रेट कॉरीडोर निर्माण कार्य में जनपद के किसानों की भूमि अधिग्रहण के पात्र किसानों को पुनर्वासन व पुर्नव्यवस्थापन राशि पाने के लिए भटकना पड़ रहा है। जनपद के कई गांवों के 55 किसानों की जमीन पर रेलवे का कब्जा होने के बाद भी उनके कई करोड़ रुपये का भुगतान रेलवे बोर्ड की तरफ बाकी है। भाकियू अराजनैतिक के प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक की अगुवाई में प्रतिनिधिमण्डल ने सोमवार को जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह से मिलकर अपनी मांग को दोहराया है। डीएम ने रेलवे बोर्ड के अधिकारियों से बात कर 15 दिन में पीड़ित किसानों को बकाया राशि का भुगतान दिलाने का आश्वासन किसान नेताओं को दिया है।

दरअसल, रेलवे के द्वारा डेडिकेटिड फ्रेट कॉरीडोर के निर्माण के लिए तहसील सदर और खतौली की 26 ग्राम पंचायतों के किसानों की जमीन को अधिग्रहित किया गया था। रेलवे बोर्ड करीब 96 प्रतिशत किसानों के प्रतिकर का भुगतान कर चुकी है। डीएफसीसी द्वारा पुनर्वासन व पुर्नव्यवस्थापन की धनराशि भी अधिकतर भुगतान की जा चुकी है। इनमें से कुछ किसानों के प्रकरण ऐसे हैं, जिन्हें अभी पुनर्वासन धनराशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है।

सूत्रों की मानें तो रेलवे बोर्ड ने 3 प्रतिशत किसानों का पैसा रोक रखा है। भारतीय किसान यूनियन से जुड़े अंकित चौधरी की माने तो 2019 में रेलवे बोर्ड ने आदेश पारित करते हुए भूमि अधिग्रहण के लिए किसानों को पुनर्वासन योजना में पैसा देने पर रोक लगा दी, इस कारण 3 प्रतिशत किसानों यानि 55 से अधिक किसानों को भूमि पर रेलवे को कब्जा देने के बावजूद कई

जमीन अधिग्रहण के मुआवजे को लेकर डीएम से मिलते किसान

वर्षों बाद भी पुनर्वासन राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। इस मुद्दे को लेकर किसान कई बार प्रदर्शन कर निर्माण कार्य भी रुकवा चुके हैं। डीएफसीसी आईएल के मुख्य प्रबंधक ने 27 अक्टूबर 2022 को जीएम लैंड को पत्र लिखकर किसानों की समस्या के समाधान का अनुरोध किया था। इस संबंध में जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह ने भी 21 अक्टूबर को रेलवे के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र लिखकर किसानों की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का अनुरोध किया था। अनुदान की राशि न मिलने के कारण पीड़ित किसानों में नाराजगी बनी है। किसानों की इसी समस्या को लेकर सोमवार को भाकियू अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक, मण्डल अध्यक्ष नीरज पहलवान, जिलाध्यक्ष अंकित चौधरी और अर्जुन सिंह प्रधान ग्राम जटनंगला आदि ने जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह से मुलाकात की। मलिक का कहना था कि किसानों की अनुदान राशि को लेकर रेलवे बोर्ड अड़ियल रवैया अपना रहा है। यदि जल्द किसानों को पुनर्वासन की अनुदान राशि नहीं मिली तो किसान यूनियन एक बार फिर आंदोलन कर काम बंद कराने के लिए मजबूर होगी। जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह ने प्रतिनिधिमण्डल को आश्वास्त किया कि इस प्रकरण को लेकर वो गंभीर हैं, पहले भी रेलवे बोर्ड के अधिकारियों को अनुदान राशि दिलाने के लिए पत्राचार कर चुके हैं। उन्होंने 15 दिन का समय मांगते हुए पीड़ित किसानों को अनुदान राशि उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया है।

शाहपुर क्षेत्र में मैडिकल कर्मी से बदमाशों ने मोटरसाइकिल लूटी

शाहपुर, 21 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के किनौनी गेट पर अज्ञात बदमाशों ने एक दवाइयों के एमआर के साथ हथियारों के बल पर लूटपाट करते हुए एमआर से उसकी बाइक के अलावा उसकी दवाई का डिब्बा तथा मोबाइल लूट कर फरार हो गये। इस दौरान पीड़ित ने शोर मचाया, जिसके बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने पीड़ित की आप बीती सुनी और घटना की सूचना थाना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश की, किंतु आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका, वहीं पीड़ित एमआर ने थाने पहुंचकर अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध लूटपाट करने का मुकदमा दर्ज कराया है। मुजफ्फरनगर निवासी श्रीकांत पुत्र जगत सिंह एक दवाई की कंपनी में एमआर के पद पर तैनात है, जो मार्केटिंग करते हुए क्षेत्र में अपनी दवाई की बिक्री का कार्य करता है। सोमवार की शाम जब वह शाहपुर की ओर से बाइक पर सवार होकर वापस मुजफ्फरनगर की ओर लौट रहा था, जब वह थाना क्षेत्र के अंतर्गत किनौनी गेट के पास पहुंचा, तो एक ई-रिक्शा में सवार दो अज्ञात लोगों ने उसको रोक लिया और उसको पकड़ कर पास में स्थित गन्ने के खेत में ले गये और हथियारों के बल पर लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान बदमाशों ने पीड़ित एमआर का मोबाइल फोन तथा एक दवाई का डिब्बा लेने के साथ-साथ उसकी बाइक को भी लूट कर फरार हो गये। इस दौरान डरे सहमे पीड़ित ने सड़क पर पहुंचकर शोर मचाया, जिसके बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने उसकी आपबीती सुनी और घटना की जानकारी पुलिस को दी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जैन स्थानक में लगा मेगा ब्लड चैकअप हेल्थ कैंप

मुजफ्फरनगर, 21 नवम्बर (बु.)। श्री एसएस जैन सभा जैन स्थानक नई मंडी में श्रमण संघ की महासाध्वी दिव्य मंत्र साधिका, महाप्रतापी रमेश कुमारी महाराज, लोगस्स साधिका संतोष कुमारी महाराज ठाणे-9 सुख साता पूर्वक विराजमान हैं। महासाध्वी के सानिध्य में धर्म-ध्यान के खूब ठाठ लग रहे हैं। गुरू सुदर्शन जन्म शताब्दी वर्ष (4 अप्रैल 2022 से 4 अप्रैल 2023 तक) के अन्तर्गत आज रविवार, 20 नवंबर 2022 महासाध्वी के सानिध्य में सामायिक दिवस के रूप में एवं वर्धमान जैन भवन में मेगा चैकअप कैंप लगाकर हर्षोल्लास के साथ जैन समाज द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक दीपक जैन ने यह जानकरी देते हुए बताया कि महासाध्वी के सानिध्य में आज चमत्कारिक महाजाप हुआ एवं महासाध्वी के मुखारविंद से प्रवचनों की अमृतमयी वर्षा हुई और छोटी साध्वियों द्वारा भजन इत्यादि सुनाये गये। आज डाक्टर लाल पैथ लैब एवं श्री एसएस जैन समाज नई मंडी के संयुक्त तत्वावधान में विशाल मेगा ब्लड चैकअप कैंप लगाया गया, कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि अंकुर दुआ संपादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन एवं विजय शुक्ला जिलाध्यक्ष भाजपा ने संयुक्त रूप से साध्वी महाराज की कृपामयी उपस्थिति में फीता खोल कर किया। अतिथियों का सम्मान माला एवं पटका पहनाकर समाज द्वारा किया गया। सैंकडो लोगों ने कैंप मे खूब लाभ लिया एवं ब्लड टेस्ट कराया। मुख्य अतिथि अंकुर दुआ एवं विजय शुक्ला ने भी अपना ब्लड टेस्ट कराया। डाक्टर लाल पैथ लैब के डा. राकेश जैन का कैंप आयोजित कराने में विशेष सहयोग रहा। साध्वी महाराज के दर्शन-प्रवचनों के लिए कांधला, गाजियाबाद, अमीनगर सराय, बड़ौत, मेरठ एवं अन्य स्थानों के साथ ही नगर से भी भारी संख्या में दर्शनार्थी आए हुए थे। समाज द्वारा सभी का सम्मान किया गया। समस्त कार्यक्रम के पश्चात सभी के गौतम प्रसादी-भोजन की व्यापक व्यवस्था समाज द्वारा की गई थी, सभी ने प्रसादी-भोजन ग्रहण कर लाभ उठाया। श्री एसएस जैन समाज, नई मंडी कमेटी द्वारा गुरू सुदर्शन जन्म शताब्दी वर्ष (04 अप्रैल 2022 से 04 अप्रैल 2023 तक) के अन्तर्गत एक 11 सदस्यीय समिति का गठन मनमोहन जैन, कृष्ण कुमार जैन के संरक्षण में किया गया, जिसमें राजीव जैन, अनुराग जैन, दीपक जैन, हर्षवर्धन जैन, प्रदीप जैन, योगेंद्र जैन, प्रमोद जैन बैंक वाले, कार्तिकेय जैन, राकेश जैन मेडिकल वाले प्रियंका जैन एवं मीतू जैन को शामिल किया गया। इस कमेटी का गठन इस उद्देश्य से किया गया कि शताब्दी वर्ष के सभी कार्य के निर्णय लेना आदि कार्यक्रम समिति द्वारा ही किए जायेंगे। समिति द्वारा आगामी कार्यक्रम में गुरू सुदर्शन द्वार का शिलान्यास आयोजन करने की औपचारिकताएं जल्द ही संपूर्ण करके समस्त सूचना अति शीघ्र ही प्रेषित की जायेगी।

महासाध्वी महाराज का आज मंगलवार 22 नवंबर को जैन स्थानक नई मंडी से प्रातः 08:30 से 09:30 तक प्रवचन करने के पश्चात जैन मिलन विहार मुकेश जैन पप्पू भाई के घर के लिए विहार होगा, वहां महाराज बुधवार व बृहस्पतिवार दो दिन प्रवचन करके अतिशय क्षेत्र वहलना के लिए विहार होगा, वहलना से साध्वी महाराज हस्तिनापुर जाने के भाव रखते हैं। सभी अधिक से अधिक दर्शन व विहार लाभ प्राप्त करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री एसएस जैन समाज नई मंडी के संस्थापक-संरक्षक मनमोहन जैन की प्रेरणा से उपरोक्त समस्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ एवं सभी का महासाध्वी ने आभार प्रकट कर साधुवाद किया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं समाज के संस्थापक-संरक्षक मनमोहन जैन, पवन जैन, चमन लाल जैन, अध्यक्ष राजीव जैन, उपाध्यक्ष दीपक जैन, अनुराग जैन, प्रदीप जैन, महामंत्री हर्षवर्धन जैन, मंत्री कार्तिकेय जैन एवं कृष्ण जैन बारदाने वाले, प्रवीण जैन दोघट वाले, योगेंद्र जैन एडवोकेट, सज्जन जैन, पंकज जैन, राजीव जैन खिवाई वाले, राजेश जैन सीए , देवेंदर जैन साक्षी साडीज, राकेश जैन मेडिकल वाले, नमन जैन, अक्षज जैन, सिद्धार्थ जैन, धनंजय जैन, शिवम जैन, कपिल जैन, श्रीमती चंचल जैन, मीतू जैन, प्रियंका जैन, वंदना जैन, प्रीति जैन, राशि जैन, सीमा जैन, सृष्टि जैन आदि का विशेष सहयोग रहा एवं सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

साकेत कॉलोनी के दरोगा ने की फांसी लगाकर जान देने की कोशिश

मुजफ्फरनगर, 21 नवम्बर (बु.)। मीरापुर थाने में तैनात एक दरोगा ने साकेत कॉलोनी स्थित आवास पर फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। इसी बीच फांसी लगाते हुए वीडियो थाने के ग्रुप पर पोस्ट हो गया। वीडियो देखकर पुलिसकर्मियों के होश उड़ गये। सूचना पाकर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर उसे बामुश्किल बचाया। मीरापुर थाने में तैनात एक दरोगा की ड्यूटी फिलहाल क्विक रेस्पांस टीम में मीनाक्षी चौक पर लगी हुई है। दरोगा सिविल लाइन थानाक्षेत्र के साकेत कॉलोनी में किराए के आवास में रहता है। शाम के समय दरोगा ने गले में गमछा डालकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस दौरान दरोगा ने फांसी लगाते हुए एक वीडियो मीरापुर थाने के ग्रुप पर भी पोस्ट कर दिया। वीडियो देखकर मीरापुर थाना प्रभारी ने आलाधिकारियों और सिविल लाइन इंस्पेक्टर ब्रजेश शर्मा को फोन कर मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही ब्रजेश शर्मा ने दरोगा के आवास के पास रहने वाले पुलिसकर्मियों को मामला बताया तो उन्होंने दरवाजा तोड़कर दरोगा को बेहोशी की हालत में नीचे उतारा और उपचार कराया। हालांकि यह अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ कि वीडियो दरोगा ने जान बूझकर पोस्ट किया या किसी ओर को पोस्ट करते समय मीरापुर थाने के ग्रुप पर चला गया। इंस्पेक्टर सिविल लाइन ने बताया कि दरोगा की हालत खतरे से बाहर है।

एसडीएम ने तालाब से अवैध अतिक्रमण हटवाया

बुढ़ाना, 21 नवम्बर (बु.)। सोमवार को एसडीएम बुढ़ाना अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में भौरांकलां पुलिसबल की मौजूदगी में तहसील कर्मचारियों ने तहसील बुढ़ाना क्षेत्र के ग्राम शिकारपुर में तालाब से अवैध अतिक्रमण हटवाया। मिली जानकारी के अनुसार डीएम चंद्रभूषण सिंह के कुशल मार्ग निर्देशन व एसडीएम बुढ़ाना अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में तहसील बुढ़ाना क्षेत्र के ग्राम शिकारपुर में तालाब पर हुए अवैध पक्के निर्माण के संबंध में न्यायालय तहसीलदार बुढ़ाना द्वारा पारित बेदखली आदेश उच्च न्यायालय इलाहाबाद में आयोजित पीआईएल राजीव आधे बनाम स्टेट ऑफ यूपी के क्रम में तालाब से अवैध अतिक्रमण हटवा दिया गया है। तालाब की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाकर दखलनामा भूमि प्रबंधक समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान शिकारपुर को दे दिया गया है। मौके पर एसडीएम बुढ़ाना अरुण कुमार श्रीवास्तव, फुगाना सीओ शरद चंद्र शर्मा, बुढ़ाना तहसीलदार सतीश चंद्र बघेल, राजस्व टीम, थानाध्यक्ष भौराकलां व पर्याप्त पुलिसबल समेत उपस्थित रहे। एसडीएम बुढ़ाना अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा मौके पर उपस्थित अवैध अतिक्रमणकर्ता व अन्य ग्रामीणों को विशेष रुप से यह अवगत कराया गया कि ग्राम समाज की जमीनों पर किसी भी प्रकार से अवैध अतिक्रमण न किया जाए, नहीं तो अवैध अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

एक करोड़ रुपये की फिरौती में आठ अपहरणकर्ताओं को आजीवन कारावास

- 2007 में शामली के कारोबारी राजकमल सिंघल का एक करोड़ की फिरौती के लिए हुआ था अपहरण
- सुनवाई के दौरान दो अपहरणकर्ताओं की हो चुकी है मौत, तीसरे आरोपी की पत्रावली की गई अलग

मुजफ्फरनगर, 21 नवम्बर (बु.)। 15 साल पहले जनपद शामली में कारोबारी राजकमल सिंघल के अपहरण में शामिल आठ अभियुक्तों को आजीवन कारावास और 20-20 हजार रुपये के आर्थिक दण्ड की सजा सुनाई गई है। सिंघल का अपहरण एक करोड़ रुपये की फिरौती के लिए हुआ था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक जनपद शामली के कारोबारी राजकमल सिंघल का 2007 में अपहरण कर लिया गया था। उनकी रिहाई के बदले एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी। राजकमल सिंघल के पिता महेन्द्र प्रकाश ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि उसके बेटे का राजा एल ट्रेडर्स के नाम से वीवी इण्टर कॉलेज शामली के पास प्रतिष्ठान था। 11 अक्टूबर 2007 को कार सवार बदमाशों ने उसका अपहरण कर लिया था। बाद में पुलिस ने अगुवा व्यापारी को बरामद कर ११ अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश छोटेलाल यादव के न्यायालय में हुई। जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव शर्मा के मुताबिक इस मामले में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता किरणपाल कश्यप ने कई गवाह प्रस्तुत करते हुए अभियोजन की कहानी को सिद्ध किया। न्यायाधीश ने साक्ष्यों के आधार पर अपहरण के आरोपी सचिन, इंतजार, ताहिर, इख्तियार, सत्तार, गजेन्द्र, पारस और धर्मेन्द्र फौजी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 20-20 हजार रुपये के आर्थिक दण्ड की सजा सुनाई है। मुकदमे की सुनवाई के दौरान दो आरोपियों की मौत हो गई, जबकि एक आरोपी के उपस्थित न होने के कारण उसकी पत्रावली को अलग कर दिया गया।

कपिलदेव अग्रवाल ने वाल्मीकि समाज के साथ की बैठक

खतौली में वाल्मीकि समाज के साथ बैठक करते मंत्री कपिल देव अग्रवाल व लोगों से भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी के हक में वोट करने की अपील करते डॉ. संजीव बालियान

खतौली, 21 नवंबर (बु.)। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रदेश के राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल वाल्मीकि बस्ती में बैठक कर भाजपा के पक्ष में वोट मांगे। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के राज्य मंत्री कपिलदेव अग्रवाल सहित भाजपा विधानसभा प्रभारी राजू सैनी वाल्मीकि, अनुसूचित मोर्चा जिलामंत्री सहित अश्वनी वाल्मीकि मंडल अध्यक्ष भाजपा नेता प्रताप वाल्मीकि के आवास पर पहुंचा, जहां आयोजित बैठक में राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल सहित भाजपा नेताओं ने केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों की उपलब्धियों का विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की कथनी व करनी में कोई अन्तर नहीं हैं, जिसके फलस्वरूप प्रदेश की जनता का विश्वास निरन्तर भाजपा में बन रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ विपक्षी दल सत्ता प्राप्ति की लालसा में दुष्प्रचार कर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, परन्तु जनता ऐसे तत्वों को पूर्ण रूप से नकार रही है। भाजपा नेताओं ने विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। इस दौरान राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने वाल्मीकि बस्ती के नागरिकों की कुछ मूलभूत समस्याओं को सुना तथा उनकों सन्तोषजनक समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के मतदाताओं द्वारा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अपना समर्थन करने की घोषणा करते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार में सहभागिता निभाने का आश्वासन दिया। बैठक में ललित कुमार जिला उपाध्यक्ष, भाजपा अनुसुचित मोर्चा, पूर्व जिलामंत्री मदन छाबड़ा, हरनन्द उटवाल, ज्ञानचन्द वाल्मीकि, भारत भूषण, सुधीर खटीक, दिनेश वाल्मीकि, विजेन्दर वाल्मीकि, राहुल, रोहित, प्रवीण बांगड़ी, सन्तकुमार, कुलदीप पालू, कालूराम खटीक, किशोर, कुलदीप राकेश खटीक, सुभाष वाल्मीकि, रामकिशोर आदि लोग मौजूद रहे।

: खतौली उपचुनाव :
मैदान में बचे प्रत्याशियों की अंतिम सूची

1- मदन भैया	राष्ट्रीय लोकदल	हैंडपंप
2-राजकुमारी सैनी	भारतीय जनता पार्टी	कमल का फूल
3-मोहम्मद यूसुफ	अधिकार सेना	गन्ना किसान
4-प्रदीप कुमार	निर्दलीय	बिजली का खंबा
5-रमेश चंद	भागीदारी पार्टी	फुटबॉल
6-सुरेशवती	निर्दलीय	बांसुरी
7-वकार अजहर	निर्दलीय	चारपाई
8-प्रमोद आर्य	निर्दलीय	टेलीफोन
9-संजीव कुमार	निर्दलीय	हेलीकॉप्टर
10-निर्मल प्रताप सिंह	निर्दलीय	ट्रक
11-यशपाल सिंह	निर्दलीय	नाव
12-संतोष	निर्दलीय	डीजल पंप
13-सुदेश	निर्दलीय	ऑटो रिक्शा
14-यजपाल सिंह राठी	निर्दलीय	टेलीविजन

संक्षिप्त खबरें...

बर्थ-डे पार्टी में बदमाश की गोलियों से भूनकर हत्या

गाजियाबाद, 21 नवंबर (वार्ता)। मोदीनगर की इंद्रापुरी कॉलोनी में रविवार देर रात जन्मदिन पार्टी में हुए विवाद में जिला बदर रहे बदमाश की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। बदमाश के सिर और सीने से सटा कर गोली मारी गई। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर एक नामजद महिला व उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक पर आठ से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

नगर की इंद्रापुरी कॉलोनी निवासी दीपक पासी (32) अपनी पत्नी प्रीति व एक बेटे के साथ रहता था। पुलिस के अनुसार दीपक पर विभिन्न धाराओं में आठ से अधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह जिला बदर चल रहा था। करीब एक माह पूर्व ही दीपक क्षेत्र में लौटा था। दीपक अपने घर पर ही होटल संचालन करता था। रविवार रात दीपक पासी कॉलोनी में ही अपने दोस्त दीपू और प्रवीण की जनमदिन पार्टी में शामिल था। बताया गया कि देर रात पड़ोस में रहने वाली मोनिका से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसमें जमकर पत्थरबाजी हुई। पथराव में कई लोग चोटिल हो गए। तब किसी तरह मामला शांत हो गया। आरोप है कि बाद में मोनिका ने दीपक को फोन कर बुलाया। दीपक के वहां पहुंचते ही मोनिका के साथियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग से अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद उन्होंने दीपक को घेरकर उसकी गोलियों से भूनकर हत्या कर दी।

जौहर यूनिवर्सिटी से पुलिस बल हटाने की याचिका हुई खारिज

प्रयागराज, 21 नवंबर (वार्ता)। जौहर यूनिवर्सिटी परिसर से पुलिस बल को हटाने के लिए सपा नेता आजम खां की ओर से दाखिल याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। यह याचिका आजम खां, अब्दुल्लाह आजम और अन्य की ओर से दाखिल की गई थी। जिसमें कहा गया था कि पुलिस बल की तैनाती के चलते पठन पाठन प्रभावित हो रहा है और छात्र और स्कूल के स्टाफ भयभीत हो रहे हैं।

देश पर मुसलमानों का हक ...

आज इस चुनाव अभियान में रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, विधायक राजपाल बालियान, अनिल कुमार, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, मिला बार संघ के पूर्व अध्यक्ष राजेश्वर त्यागी समेत तमाम प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

सर्दी की दस्तक के साथ सज गया गर्म कपड़ों का बाजार

- सड़कों पर लगे ऊनी कपड़ों के फड, जगह जगह सेल का जोर
- तमाम शो रूम में गर्मी के कपड़ों का स्थान ऊनी कपड़ों ने संभाला

मुजफ्फरनगर, 21 नवंबर (बु.)। ठंड की दस्तक के साथ ही घरों में रखे पुराने गर्म कपड़ों को धूप लगाई जा चुकी है। वहीं नए गर्म कपड़ों के लिए लोगों ने बाजारों का रुख किया है। शहर में तमाम स्थानों पर फड लगातार गर्म कपड़े बिक रहे हैं। तमाम स्थानों पर गर्म कपड़ों की सेल के बोर्ड नजर आ रहे हैं और तमाम रेडीमेड गारमेंट्स के शो रूम में गर्मियों के कपड़ों की जगह ऊनी और गर्म कपड़े ले रहे हैं।

सर्दियों की दस्तक के साथ तमाम बाजार भी तरह-तरह वैरायटी वाले गर्म कपड़ों से सज गए हैं। हालांकि अभी हल्की ठंड वाले ही कपड़े बिक रहे हैं। शहर में भगत सिंह रोड, शिवचौक, झांसी रानी, मेरठ रोड, रुडकी रोड, टाउन हाल रोड और शामली रोड समेत तमाम स्थानों पर अब गर्म कपड़ों के फड नजर आने लगे हैं। इसके अलावा नई मंडी और गांधी कॉलोनी की दुकानों पर भी गर्म कपड़े सज चुके हैं। व्यापारियों का मानना है कि गर्म कपड़ों के भाव में पिछले साल के मुकाबले ज्यादा वृद्धि नहीं है। बच्चों को ठंड से बचाने के लिए बाजार में दस्ताने, इनर, टोपी, मोजे, स्वेटर आदि की मांग है। कंबल, शाल, स्वेटर जैकेट की बिक्री भी शुरू हो गई है। शहर में सड़क के किनारों पर फड़ लगाकर गर्म कपड़ों की बिक्री शुरू हो गई है। शोरूम और दुकानों पर भी ग्राहक बढ़ने लगे हैं। अमृतसर, दिल्ली, लुधियाना, कश्मीर के बने गर्म कपड़े ज्यादा बेचे जा रहे हैं। एक रेडीमेड विक्रेता ने बताया कि दीपावली से ही गर्म पकड़ों की मांग बढ़ गई है। इस बार नए स्टाइल की स्वेटर-शर्ट, जैकेट और हाईनेक टीशर्ट की मांग तेज है। अभी सर्दी का शुरूआती दौर है। इस समय हाफ जैकेट और स्वेटर, गर्म शर्ट व टीशर्ट आदि की मांग है। वहीं महिलाएं ज्यादातर गर्म शर्ग, जैकेट, स्टॉल, शाल आदि की खरीदारी कर रही हैं। इसके साथ ही हैवी जैकेट आदि गर्म कपड़ों की बिक्री भी शुरू हो गई है। बाजार में कैप विद मफलर की नई वैरायटी आई है। इसमें गर्म टोपी के साथ मफलर है। टोपी और मफलर का बाहरी हिस्सा ऊन का है और अंदर फर है। इसकी कीमत 450 रुपये से शुरू है। गर्म नाइट सूट युवतियों की पहली पसंद हैं। इनकी कीमत 500 रुपये से शुरू है। गर्म कुर्ती की भी नई डिजाइन उन्हें लुभा रही है। वहीं बच्चों के लिए भी विभिन्न प्रकार की वैरायटी उपलब्ध हैं। कपड़ा बाजार में भी गर्म सूट के कपड़ों की मांग बढ़ गई है।

अलीपुर निवासी 35 वर्षीय युवक की डेंगू से मौत

कैराना, 21 नवम्बर (बु.)। अलीपुर के पूर्व प्रधान के 35 वर्षीय पुत्र की डेंगू से मौत हो गई। अलीपुर के पूर्व प्रधान यशपाल सिंह चौहान के 35 वर्षीय पुत्र अर्जुन चैहान को 5 दिन पहले बुखार आने पर परिजनों से शामली के प्राइवेट नर्सिंग होम में ले गये। शामली में हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे पानीपत के प्राइवेट दर्जनों अस्पतालों में ले गये, जहां डेंगू की पुष्टि होने के साथ ही उसकी प्लेटलेट्स 15000 रह गई थी। युवक की हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन सोमवार सुबह उसे करनाल प्राइवेट हॉस्पिटल ले गये। करनाल हॉस्पिटल में अर्जुन की प्लेटलेट्स कुछ बढ़कर 25000 हो गई थी, लेकिन शाम करीब 6:15 बजे डेंगू के चलते करनाल हॉस्पिटल में उपचार के दौरान अर्जुन की मौत हो गई। अर्जुन दो भाइयों में छोटा था। अर्जुन के एक बेटा और एक बेटी है। देर शाम परिजन करनाल हॉस्पिटल से अर्जुन के शव को लेकर अपने पैतृक गांव अलीपुर के लिए रवाना हो गये थे। सरकारी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र चैरसिया ने बताया कि उन्हें डेंगू से मौत के बारे में जानकारी नहीं है। कल अलीपुर में टीम भेजकर जांच कराई जायेगी।

बलवा बाईपास पर फिर हुआ सड़क हादसा
आधा दर्जन श्रद्धालु घायल

शामली, 21 नवम्बर (बु.)। सोमवार सवेरे दिन निकलते ही शहर के बलवा बाईपास पर एक बार फिर वाहनों की जोरदार भिड़ंत में करीब आधा दर्जन श्रद्धालु लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से कई की दशा गंभीर होने के कारण उनको हायर सेंटर के लिए रैफर किया गया है। बलवा बाईपास पर आये दिन हो रहे हादसे से नागरिकों में रोष व्याप्त है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों की नासमझी के कारण जिले में बनाए गए क्रांस जंक्शन आये दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे है। शहर के बलवा हाइवे बाईपास पर पिछले दो दिनों में तीन हादसे होने से एक महिला की मौत व करीब एक दर्जन लोग घायल हो चुके हैं। सोमवार तड़के भी हरियाणा क्षेत्र के जनपद पानीपत क्षेत्र के गांव बुसाना निवासी कुछ श्रद्धालु इको गाड़ी में सवार होकर हरिद्वार गंगा स्नान करने के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि जब वह क्षेत्र के बलवा बाईपास के निकट पहुंचे, तो इसी दौरान सामने से तेज गति से आ रही फलों से भरी महिंद्रा पिकअप गाड़ी से जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिसमें 50 वर्षीय बलवान पुत्र अमर सिंह निवासी असद रोड पानीपत, 50 वर्षीय रामचंद्र पुत्र अमर सिंह निवासी शक्ति कॉलोनी पानीपत, बलराम दास